भोपाल
सोमवार, 7 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-12
वर्ष : 12, अंक : 97
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00**

मौसम
अधि. 27
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# नेही अग्रवाल सिटी टॉपर, भोपाल को मिले कुल 52 सीए

**आईसीएआई सीए रिजल्ट 2025**

**इंदौर के श्रेयांश को पहले प्रयास में ही मिली 28 वीं रैंक**

## भोपाल से जज़ा जुनैद ने 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में किया सिटी टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) मई 2025 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल, फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम में भोपाल को 52 सीए मिले हैं। शहर की नेही अग्रवाल सीए फाइनल में 410 अंक के साथ शहर में प्रथम स्थान पर रही हैं। इंदौर के श्रेयांश को ऑल इंडिया 28वीं रैंक मिली है। सीए फाइनल के साथ फाउंडेशन और इंटरमीडिएट का रिजल्ट भी जारी हो चुका है। इस रिजल्ट में भोपाल से जज़ा जुनैद ने 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सिटी टॉप किया है। उनकी एआईए 24 रैंक है।


नेही अग्रवाल


श्रेयांश



### 218 अभ्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

भोपाल आईसीएआई के चेयरमैन सीए अर्पित राय के अनुसार राजधानी से सीए फाइनल के दोनों समूह की परीक्षा में 218 अभ्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 37 ने परीक्षा में सफलता पाई है। इनके अलावा सीए फाइनल समूह एक में 260 कैंडिडेट्स में से 53 ने और ग्रुप 2 में 100 कैंडिडेट्स में से 22 ने परीक्षा पास की है।

**फाउंडेशन में वृंदा अग्रवाल ने मारी बाजी**

### सीए फाइनल में मुंबई के राजन काबरा ऑल इंडिया टॉपर

**नई दिल्ली।** सीए फाइनल परीक्षा में मुंबई के राजन काबरा ने आल इंडिया रैंक 1 हासिल किया, वहीं सीए इंटरमीडिएट में भी मुंबई की ही दिशा आशीष गोखरू ने टॉप रैंक प्राप्त की। सीए फाउंडेशन परीक्षा में गाजियाबाद की वृंदा अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। एआईआर 2 पर देवीदान यश संदीप रहे, जबकि एआईआर 3 की रैंक साझा रूप से यामिश जैन और निलय डांगी को प्राप्त हुई।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उद्योग जगत से सीधा संवाद

# लुधियाना में वर्ष का तीसरा रोड शो आज



***मुख्यमंत्री लुधियाना स्थित वर्धमान टैक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा भी करेंगे***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शो के बाद अब मध्यप्रदेश के निवेश संवादों की तीसरी कड़ी के रूप में 7 जुलाई को लुधियाना में रोड शो करेंगे। प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टैक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लुधियाना में यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उद्योग जगत की ⏩ शेष पेज 6 पर

### वन टू वन बैठकें भी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में भी भाग लेंगे। इन संवादों में उद्योग प्रतिनिधियों से संभावित निवेश प्रस्तावों, साझेदारी के क्षेत्रों और आवश्यक सरकारी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। इन बैठकों का उद्देश्य व्यावहारिक और परिणाममूलक संवाद के माध्यम से दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### सांड ने सींग से महिला की ले ली जान

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में शनिवार की शाम बैंक से काम निपटाने के बाद पैदल वापस लौट रही इंश्योरेंस एडवाइजर महिला को सांड ने हमला करके मार डाला। पहले हवा में उछाला, जमीन में गिरने के बाद दोनों पैर सीने पर रखकर खड़ा हो गया। दृश्य देख लोगों को दिल दहल गए। घटना बड़गांव पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक निजी बैंक के पास की है।




### श्री रामायण यात्रा ट्रेन 17 दिन में करें 30 तीर्थ

**नई दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक पर्यटन को मिली लोकप्रियता को देखते हुए आईआरसीटीसी 25 जुलाई 2025 से महज 1.17 लाख रु. में श्री रामायण यात्रा ट्रेन शुरू कर रहा है। सफदरजंग स्टेशन से यात्रा शुरू होकर अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर आदि जगह जाएगी।



### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का बदलेगा नाम

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग अब तेज हो गई है। कुछ दिन पूर्व दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने के मांग की थी। अब भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने की मांग की है।



**आय समानता मामले में भारत का नया कीर्तिमान : वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत 25.5 के गिनी स्कोर के साथ आय समानता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर पहुंच गया**

# अत्यधिक गरीबी भी घट गई.. 17.1 करोड़ भारतीय इससे बाहर निकले

*वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 171 मिलियन (17.1 करोड़) भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया।*

**सरकारी कल्याणकारी योजनाओं ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

समानता के पैमाने पर भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश का गिनी सूचकांक 25.5 पर पहुंच गया है। स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद भारत समानता के मामले में चौथे स्थान पर आ गया है।

गिनी इंडेक्स का मतलब यह है कि किसी देश में आय, संपत्ति या उपभोग किस तरह से घरों या व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाता है। इस मामले में भारत ने चीन और अमेरिका जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।

***भारत ने चीन (35.7), अमेरिका (41.8) सहित सभी जी 7 और जी 20 देशों को पीछे छोड़ दिया***

***भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डेटा जारी किया***






⏩ स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद भारत समानता के मामले में चौथे स्थान पर

⏩ गिनी इंडेक्स का मतलब यह है कि किसी देश में आय, संपत्ति या उपभोग किस तरह से घरों या व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाता है

## आर्थिक प्रगति देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा

केंद्र सरकार का कहना है कि यह भारत के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दर्शाता है कि आर्थिक प्रगति किस प्रकार देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा की जा रही है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक सीधे कल्याण पहुंचाने पर केंद्रित नीतिगत ध्यान है। गिनी इंडेक्स में 0 पूर्ण समानता और 100 पूर्ण असमानता को दर्शाता है। गिनी इंडेक्स ⏩ शेष पेज 6 पर

### केवल 30 देश कम असमानता श्रेणी में

वैश्विक स्तर पर, केवल 30 देश मध्यम रूप से कम असमानता श्रेणी में आते है। इसमें मजबूत कल्याणकारी व्यवस्था वाले कई यूरोपीय देश शामिल हैं। इनमें आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड और बेल्जियम शामिल हैं। इसमें पोलैंड जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं और संयुक्त अरब अमीरात जैसे धनी देश भी शामिल हैं। 2011 में भारत का गिनी स्कोर 28.8 था, जो अब घटकर 25.5 हो गया है। यह दर्शाता है कि देश में आर्थिक विकास अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित ⏩ शेष पेज 6 पर

### गरीबी दर घटकर हुई 2.3 प्रतिशत

वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 171 मिलियन (17.1 करोड़) भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर से कम पर जीवन यापन करने वाले लोगों की हिस्सेदारी, जो जून 2025 तक अत्यधिक गरीबी के लिए वैश्विक सीमा थी। 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में केवल 2.3 प्रतिशत रह गई। सरकारी योजनाओं ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इन योजनाओं का उद्देश्य वित्तीय पहुंच में सुधार करना, कल्याणकारी लाभ प्रदान करना और कमोजर वर्ग का समर्थन करना है। पीएम जनधन योजना, वित्तीय समावेशन भारत के सामाजिक समानता अभियान का केंद्र रहा है। 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं। आधार और डिजिटल पहचान, इसने नागरिकों के लिए एक अद्वितीय डिजिटल पहचान बनाने में सक्षम बनाया है। 3 जुलाई, 2025 तक, 142 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), प्रणाली ने कल्याणकारी भुगतानों को सुव्यवस्थित किया ⏩ शेष पेज 6 पर

**मप्र में 9 आईएएस अधिकारियों के तबादले**

# मंडलोई बने सीएम के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा को एनवीडीए व जलसंसाधन


नीरज मंडलोई


डॉ. राजेश राजौरा


संजय दुबे


संजय शुक्ला

**डॉ. राजौरा के पास पूर्व में भी यही विभाग थे हालांकि जल संसाधन अतिरिक्त सौंपा गया है**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने रविवार को बड़ी प्रशासनिक सर्जरी कर दी। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) के पद पर पदस्थ डॉ. राजेश राजौरा को हटाकर उनकी जगह पर एसीएस नीरज मंडलोई को पदस्थ करने का आदेश जारी किया है।

एसीएस मंडलोई के पास अब अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) तथा अपर मुख्य सचिव (लोक सेवा प्रबंधन) का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। जबकि डॉ. राजौरा को एसीएस नर्मदा घाटी विकास विभाग, उपाध्यक्ष एनवीडीए एवं एमडी नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लि. के साथ ही साथ ओएसडी सह सदस्य (पुनर्वास) एनवीडीए के पद पर पदस्थ किया है। उनके पास जल संसाधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार ⏩ शेष पेज 6 पर

### *डीपी आहूजा को सहकारिता विभाग मिला*

*कुछ समय से हासिए पर चल रहे प्रमुख सचिव डीपी आहूजा को सहकारिता विभाग में पदस्थ किया गया है। उन्हें प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। उनके पास प्रमुख सचिव मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग और प्रमुख सचिव आयुष विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। कृषि जैसे बड़े विभाग के साथ सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) की जिम्मेदारी निभा रहे सचिव एम सेलवेंद्रन को अब सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) बनाया गया है। राज्य शासन ने तबादले में एक और तब्दीली की है। उच्च शिक्षा में काफी समय से पदस्थ आयुक्त निशांत बरबड़े को हटा दिया। उन्हें सचिव किसान कल्याण व कृषि विभाग सौंपा गया है। उनकी जगह पर लोक सेवा आयोग इंदौर में सचिव के पद पदस्थ प्रबल सिपाहा को आयुक्त उच्च शिक्षा बनाया गया है। इसी तरह* ⏩ शेष पेज 6 पर

उज्जैन में मोहर्रम जुलूस में बवाल

## बेकाबू भीड़ ने तोड़े बैरिकेड पुलिस ने भांजी लाठियां

घटना में तीन जवान घायल, आयोजकों के खिलाफ केस



हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

शहर में मुहर्रम जुलूस में रविवार को बवाल मच गया। यहां जुलूस में शामिल लोगों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड तोड़ दिए और जबरन घुसने की कोशिश की। पुलिस ने बेकाबू भीड़ को काबू में करने के लिए लाठियों का इस्तेमाल किया। इस मामले में आयोजक सहित अन्य ⏩ शेष पेज 6 पर

**58 साल का सूखा खत्म**

# बर्मिंघम में पहली बार जीता भारत इंग्लैंड को हराकर रचा 'इतिहास'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने इंग्लैंड को 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरे मैच में रविवार को हराकर इतिहास रचा और बैजबॉल की हेकड़ी निकाल दी। 58 साल का सूखा खत्म करते हुए बर्मिंघम में भारतीय टीम पहली बार जीती। भारतीय टीम ने पहली बार ⏩ शेष पेज 6 पर

*भारतीय टीम को शुभमन गिल की कप्तानी में पहली जीत मिली, इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 336 रनों से मात दी*



### भारत की विदेश में सबसे बड़ी टेस्ट जीत

भारत की यह विदेश में रनों के लिहाज से टेस्ट में सबसे बड़ी जीत है। शभमन गिल को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया है। ⏩ पढ़ें पेज 11 भी

पंजाब मेल से गंजबासौदा पहुंचे शिवराज

## जनरल बोगी में 'जगह' नहीं मिली पर यात्रियों से की बात

शिवराज ने कहा-ट्रेनों में जनरल डिब्बों की और जरूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भोपाल से गंज बासौदा जाते समय पंजाब मेल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। इस दौरान वे ट्रेन की जनरल बोगी में सफर करना चाहते थे, लेकिन उन्हें बैठने की जगह नहीं मिली। यह बात खुद शिवराज सिंह ने चौहान ने मीडिया से ⏩ शेष पेज 6 पर

**संभवतः 10 को हो सकता है फैसला**

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए रेस में 6 नाम, जल्द फैसला


मनोहर लाल


भूपेंद्र यादव


सुनील बंसल


विनोद तावड़े


धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- 6 दिग्गजों में मप्र से शिवराज सिंह का नाम भी

भारतीय जनता पार्टी जल्द ही अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कर सकती है क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार आवश्यक संख्या में राज्य अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था, लेकिन आम चुनावों के मद्देनजर इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। उसके बाद से उनका ⏩ शेष पेज 6 पर

**गडकरी ने दिल्ली के ट्रैफिक जाम से निपटने का बनाया प्लान**

टनल से 15 मिनट में पूरा होगा 30 किमी का सफर

# अब दिल्ली से गुरुग्राम के बीच जमीन के 'नीचे' बनेगी सड़क

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ट्रैफिक जाम न केवल दिल्ली में बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में भी है। अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक टनल सड़क बनाने की योजना पर काम कर रही है। यह टनल दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से लेकर गुरुग्राम तक बनाई जाएगी। इससे यात्रियों का काफी समय बचेगा। गडकरी ने कहा कि अभी दिल्ली से गुरुग्राम तक जाने के लिए 1 घंटे का समय लगता है, लेकिन यह टनल बन जाने के बाद दोनों के बीच की दूरी 15 मिनट में तय कर सकेंगे।




फाइल फोटो

### 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट

गडकरी ने बताया कि परिवहन मंत्रालय के पास दिल्ली के लिए 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट है। इस टनल योजना का अध्ययन हो चुका है।

**आज अति भारी, कल अत्यधिक भारी बारिश, नदियां उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा**

जबलपुर के स्कूलों में दो दिन की छुट्टी, भोपाल में देर रात तेज बारिश

# जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खुले शहडोल रेलवे स्टेशन पर भरा पानी


बरगी बांध का विहंगम दृश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जबलपुर, शहडोल और कटनी के बुरे हाल हैं। जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खोल दिए गए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन और बरगी बांध प्रबंधन ने नर्मदा नदी के निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है।

शहडोल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तक पानी भर गया है। रेलवे ट्रैक पूरी तरह से डूब गया है। इससे ट्रेनें 4 घंटे लेट हुईं। शहडोल से छत्तीसगढ़ जाने वाला रायपुर-पड़रिया मार्ग बंद हो गया है। यहां पोंडा नाला उफान पर है। नाले में ⏩ शेष पेज 6 पर


शहडोल रेलवे स्टेशन जलमग्न

### मड़ीखेड़ा और मोहिनी सागर बांध के गेट खुले, सिंध नदी उफानी

शिवपुरी जिले के मड़ीखेड़ा और मोहिनी सागर बांध में जलस्तर बढ़ने के कारण दोनों बांधों के गेट खोलकर करीब 951 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे सिंध नदी उफान पर आ गई है। सिंध नदी का जलस्तर बढ़ने से सेवढ़ा कस्बे में स्थित पुल पर पानी आ ⏩ शेष पेज 6 पर ⏩ पढ़ें पेज 03 भी

### आज कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश होगी। इनमें जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन जिले शामिल हैं। मंगलवार को छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिलों में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी यानि 204 मिमी या इससे अधिक बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप



### 70 की जांच, 15 में मिले हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीज



**भोपाल।** जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को प्रेम नगर बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जूडा एसोसिएशन के डॉक्टरों ने 70 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी जांच की। जिसमें 15 लोग हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के पीड़ित पाए गए। उन्हें उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में परामर्श के लिए बुलाया गया। डॉ. कुलदीप गुप्ता ने बताया कि शिविर में उच्च रक्तचाप और शुगर को नियंत्रित करने के लिए बस्ती के लोगों को पौष्टिक खान-पान के साथ नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। वहीं महिलाओं में रक्त की कमी को दूर करने के लिए संतुलित आहार के लिए परामर्श दिया गया। शिविर में बच्चों को कर्मी निवारण के लिए दवाई भी पिलाई गई। शिविर में डॉ पल्लवी मंडाराई, डॉ प्रियल पांडे, डॉ रश्मि पिलखवाल, डॉ गुरशरण सिंह आदि चिकित्सकों ने लोगों का उपचार कर उचित परामर्श दिया।

### आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का 60 से ज्यादा लोगों ने उठाया लाभ

**भोपाल।** राजधानी के होशंगाबाद रोड स्थित श्रीराम कॉलोनी के गणेश मंदिर में शनिवार सुबह 8 से दो बजे तक एक वृहद निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का कॉलोनी के करीब 60 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। आरकेडीएफ आयुर्वेदिक संस्थान की ओर से आयोजित इस शिविर में डॉ. गोविंद मेघवंशी और डॉ. शैली लोकरे ने अपने 20 से अधिक सहायकों के साथ मधुमेह, रक्तचाप, घुटना दर्द समेत अनेक बीमारियों का आयुर्वेदिक समाधान बताया और निःशुल्क दवाएं भी वितरित की।

### महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में दिया धरना

**भोपाल।** बोधगया में चल रहे महाबोधि महाविहार मुक्ति के लिए जारी आंदोलन के समर्थन में दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, समता सैनिक दल एवं समस्त बौद्ध समाज भोपाल के तत्वावधान में रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती मैदान सेकंड नंबर बस स्टॉप पर शांतिपूर्वक धरना दिया गया। इस धरने में भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी चेयरमेन डॉ. चंद्रबोधि पाटिल, ट्रस्टी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष इंजी. धम्मरतन सोमकुंवर, आरपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मोहनलाल पाटिल सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए बौद्ध धर्म के लोगों ने बुद्ध गया में चल रहे आंदोलन का समर्थन किया।

---

अंजुमनों के अखाड़ों ने ढोल-ताशों की गूंज के साथ बंदिशें और करतब दिखाए

# मोहर्रमः सड़कों पर गूंजी इमाम हुसैन की शहादत की सदाएं, बंदों ने मातम कर किया अपने गम का इजहार

### फतेहगढ़ से वीआईपी रोड पर करबला मैदान तक निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में मोहर्रम पर मातमी जुलूस निकले। जगह-जगह से कई छोटे-छोटे जुलूस निकाले गए, जो सोमवारा पीरगेट पर आकर एकत्रित हुए। वहीं फतेहगढ़ से ईरानी डेरे का बड़ा जुलूस निकाला गया। सभी जुलूस एक बड़े जुलूस में तब्दील हो गए। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मातमी जुलूस में सुबह से ही शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में अकीदतमंदों की भीड़ जुटने लगी थी। अकीदतमंदों ने काले कपड़े पहनकर गम और अकीदत का इजहार किया।

#### बड़ी संख्या में निकले ताजिए

जुलूस की शुरूआत फतेहगढ़ से हुई, जो वीआईपी रोड स्थित करबला मैदान तक गया, जहां करबला की जंग याद कर जुलूस का समापन किया गाय। जुलूस में बड़ी संख्या में ताजिए, बुर्राक, परचम, आलम और सवारियां शामिल थीं। अंजुमनों के अखाड़ों ने ढोल-ताशों की गूंज के साथ बंदिशें और करतब दिखाए, जो आकर्षक का केंद्र रहे। या हुसैन या हुसैन के नारों से शहर की फिजा मातम और अकीदत से भर गई।



#### खिचड़ा-भोजन का वितरण

करबला मैदान के पास बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र हुई, जहां किसी ने खिचड़ा, किसी ने तबारक तो किसी ने भोजन वितरण कर अपनी अकीदत पेश की। ईरानी समुदाय के लोगों ने काले वस्त्र धारण कर, आलम उठाए हुए, महिलाओं और बच्चों के साथ जुलूस में शिरकत की। जुलूस मार्ग पर स्वागत मंच सजाए गए। साथ ही शरबत की भी व्यवस्था की गई।



---

## देवशयनी एकादशी पर मंदिरों में पूजा-अर्चना, श्रृंगार, अभिषेक, हवन-पूजन

# योग निद्रा में श्रीहरि, 118 दिन शिव चलाएंगे सृष्टि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ शुक्ल पक्ष देवशयनी एकादशी रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग के शुभ संयोग संग मनाई गई। इस शुभ योग में श्रीहरि योग निद्रा में चले गए हैं। वे 118 दिन बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर फिर से सृष्टि का कार्यभार संभालेंगे। सृष्टि की सत्ता भोलेनाथ को सौंप दी है।

राजधानी के लोगों ने घरों व मंदिरों में भगवान विष्णु व श्रीकृष्ण भगवान का गंगा जल से अभिषेक कर एवं व्रत रख विशेष पूजा-पाठ की। मां चामुंडा दरबार के गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रविवार को देवशयनी एकादशी के साथ श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में शयन पर चले गए। इसके साथ ही करीब चार माह के लिए विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश सहित विभिन्न मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया।

#### दादाजी धाम मंदिर में विष्णु पूजा

**भोपाल।** दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में रविवार को देवशयनी एकादशी साध्य, रवि,और त्रिपुष्कर योग में मनाई गई। इस एकादशी पर श्रद्धालु व्रत रखकर मंदिर में भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी का विधि विधान से पूजा-आराधना की गई। इस अवसर पर भक्तों द्वारा दीपदान किए गए इसी दिन से भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में लीन हो गए।



#### श्री बांके बिहारी का नेत्र परिवर्तन कर किया श्रृंगार

देवशयनी एकादशी पर तलैया चौबदारपुरा स्थित श्री बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में भगवान विष्णु का पूर्णावतार मानकर भगवान श्री बांके बिहारी का नेत्र परिवर्तन विधान करके उनका स्वरूप श्रृंगार किया गया। शयनोत्सव के दौरान भगवान का अभिषेक पूजन करके उनका वैदिक विधि विधान से नेत्र परिवर्तन किए गए।



#### 2 नवंबर के बाद गूंजेगी शहनाई

कार्तिक शुक्ल पक्ष देवउठनी एकादशी 2 नवंबर तुलसी विवाह के साथ चतुर्मास का समापन होगा। शादियां पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। चातुर्मास में वर्षा की पूर्ति होगी।

### सोलह वेदोक्त मंत्रों के साथ किया अभिषेक...

बिड़ला मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण के शयनोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। सोलह वेदोक्त मंत्रों के साथ भगवान का अभिषेक किया गया। माता लक्ष्मी का पूजन श्रीसूक्त स्त्रोत के साथ किया गया। गुफा मंदिर के पंडित लेखराज शर्मा ने बताया कि मंदिर में पद्मनाभ भगवान विष्णु के क्षीर सागर शैया के विग्रह का पंचामृत अभिषेक किया गया। इस अवसर पर शयनोत्सव के साथ भगवान विष्णु सहस्त्रनाम, पुरुष सूक्तम का पाठ 21 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा किया गया।

पूजा में डूबे रहे श्रद्धालु

#### खाटू श्याम भगवान को लगाया 56 भोग

प्लेटिनम प्लाजा स्थित मां वैष्णोधाम आदर्श नव दुर्गा मंदिर स्थापित खाटू श्याम महाराज को फूलों के बंगले में विराजमान किया गया। भगवान को 56 भोग भी लगाया गया। राजीव नगर ए सेक्टर स्थित भगवान खाटू श्याम जी का विशेष पूजन अभिषेक किया गया। कोलार रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर में सुबह भगवान का पंचामृत से अभिषेक के बाद फूलों से श्रृंगार किया गया।

#### मंदिरों में हुए श्रृंगार, अभिषेक, हवन-पूजन

*इस अवसर पर रविवार को मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, श्रृंगार, अभिषेक, हवन-पूजन के साथ भगवान का शयनोत्सव मनाया गया। जिसमें भगवान विष्णु को पालने में सुलाया गया। श्रीबांके बिहारी लालजी मार्कंडेय महाराज मंदिर तलैया चौबदारपुरा में श्रीसूक्त और वेदोक्त मंत्रों से भगवान का अभिषेक, पूजन के साथ शयनोत्सव मनाया गया। मंदिर में भगवान बांके बिहारी के नेत्रों का श्रृंगार किया गया, जिसमें भगवान के नेत्र नींद की वजह से पलकें बोझिल हो गई हैं। उन्होंने बताया कि भगवान के नेत्रों को परिवर्तित किया गया है। इसके बाद भगवान विष्णु के विग्रह को पालने में सुलाया गया। इसी तरह लखेरापुरा स्थित श्रीनाथ जी मंदिर, इब्राहिमपुरा स्थित श्री राधावल्लभ मंदिर, श्रीहित रसिक मंडली, मारवाड़ी रोड स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर, टीला जमालपुरा स्थित गोपाल मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रीहरि का शयनोत्सव मनाया गया।*

---



## विठ्ठल-विठ्ठल के जय घोष के साथ निकाली दिंडी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवशयनी एकादशी पर रविवार को समग्र मराठी समाज मप्र की ओर से दिंडी यात्रा निकाली गई। शाम छह बजे 1100 क्वार्टर स्थित श्री गणपति मंदिर से यात्रा शुरू हुई, जो लोकमान्य तिलक चौराहा, बघीरा अपार्टमेंट्स, विठ्ठल मार्केट, अपेक्स बैंक क्वार्टर्स, हबीबगंज थाना चौराहा, सद्गुरु नागरिक बैंक, रविशंकर चौराहा, मेट्रो प्लाजा,भोजपुर क्लब, होकर दंत्त मंदिर अरेरा कालोनी पहुंची,जहां पर यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु श्री हरि विठ्ठल के जयकारे लगाते रहे। चारों तरफ जयकारे गूंजते रहे।

#### गूंजे मंजीरे-मृदंग, ढोल

हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान विठ्ठल की पालकी, शोभायात्रा में मंजीरे व मृदंग के साथ ही, ढपली ढोल-ताशे, भजन-कीर्तन गाते हुए लोग दिंडी यात्रा में चले। पुरुषों ने सफेद वस्त्र टोपी और महिलाओं ने केसरिया, पीले वस्त्र धारण किए थे। साथ ही संगीत वाहन से विठ्ठल के भजनों ने यात्रा मार्ग का माहौल धार्मिक हो गया। ध्वज धारकों के पीछे पालकी थी। इसमें संत ज्ञानेश्वर महाराज के फोटो को सजाया गया था। पालकी के आसपास चलित विद्युत सज्जा की गई थी।

#### संत ज्ञानेश्वर ने महाराज ने शुरू की थी यात्रा

यात्रा मार्ग बग्गी में छोटे बच्चों को विठ्ठल, रुक्मणि, तुकाराम, संत ज्ञानेश्वर, कृष्ण, अहिल्याबाई, भारतमाता आदि वेशभूषा में बैठाया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। लोग गाड़ियों को रोककर यात्रा निहारते हुए दिखाई दिए। समाज के पूर्व अध्यक्ष संजय जोशी ने बताया कि महाराष्ट्र में दिंडी यात्रा निकालने की 800 वर्ष पुरानी परंपरा है। यह यात्रा संत ज्ञानेश्वर महाराज द्वारा शुरू की गई थी, जो सभी समाज के महिला पुरुष भाई चारे से सामाजिक भेदभाव दूर कर दिंडी यात्रा (पैदल यात्रा) करते थे। उक्त यात्रा तुकाराम महाराज की पालकी से संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी शुरू होकर पालकी यात्रा पुणे में एकत्र होती है। साथ ही महाराष्ट्र के विभिन अंचलों से विभिन्न दिंडी यात्राएं पालकियों के भगवान विठ्ठल के जय घोष के साथ शामिल होती हैं।



---

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर पहलगाम में रोपा सिंदूर का पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से अमरनाथ यात्रा पर श्रद्धालुओं को भेजा रहा है। रविवार को पहलगाम में भोपाल के यात्रियों ने सिंदूर का पौधा लगाया। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में 26 पर्यटकों की आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। इसके बाद देश की सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसी के चलते पहलगाम में सिंदूर का पौधा यात्रियों ने लगाया। इस मौके पर अशोक काकड़े, सुमित गिरी, राहुल चौकसे, लखन चौकसे, केशव साहू सहित अन्य यात्री मौजूद रहे।

---

121 लीटर गाय के दूध से बाबा का किया अभिषेक

## बाबा खाटू श्याम का 23वां वार्षिक उत्सव, मंदिर से बारिश के बीच निकली विशाल निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वधर्म ए सेक्टर के खाटू श्याम मंदिर में 'हारे का सहारा' नाम से प्रसिद्ध बाबा खाटू श्याम का 23वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तीन दिवसीय उत्सव की शुरुआत शनिवार को बारिश के बीच मंदिर से निकली भव्य निशान यात्रा के साथ हुई, जिसमें बाबा को रथ पर विराजमान किया गया।

यात्रा में भक्त और अन्य श्रद्धालु बाबा का निशान लेकर जय-जयकार करते हुए नृत्य और गायन करते चले। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह बाबा की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद महा आरती की गई। समिति के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों ने बताया कि रविवार को 121 लीटर गाय के दूध से बाबा का अभिषेक किया गया।



#### कोलकाता, दिल्ली,जयपुर के गायकों ने सुनाए भजन

कार्यक्रम में संगीतमय संध्या आयोजन में कोलकाता से मशहूर गायिका जानवी शर्मा, दिल्ली से साक्षी चोपड़ा एवं जयपुर से सुनील शर्मा द्वारा शानदार भजनों से भक्तों को झूम कर नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। बाबा का सूखे मेवे का श्रृंगार किया गया था। दिल्ली से ड्राई फ्रूट्स की माला लाई गई, जिससे बाबा का सुंदर श्रृंगार योगेश सोनी, मनीष सोनी एमजी ज्वेलर्स के सहयोग से किया गया। शाम को श्याम बाबा के भजनों से अमृत वर्षा हुई। इस मौके पर विनोद अग्रवाल, जीडी अग्रवाल, तुलसीराम अग्रवाल, कमल गर्ग एवं योगेश सोनी कार्यक्रम में शामिल हुए। तो वहीं सोमवार को विशाल भंडारा बाबा के संकीर्तन के साथ होगा।

---



तुलसी मानस भवन में चल रहे देवी महापुराण का छठवां दिन

## भक्तों के कल्याण के लिए विभिन्न स्वरूपों में दर्शन देती हैं भगवतीः साध्वी ऋचा गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के श्यामला हिल्स स्थित तुलसी मानस भवन में चल रहे देवी महापुराण के छठवें दिन रविवार को साध्वी ऋचा गोस्वामी ने श्रद्धालुओं कहा कि भक्तों का कल्याण के लिए भगवती अपने विभिन्न स्वरूपों में दिव्य दर्शन देती हैं। व्यासजी के अनुसार हर मनुष्य की कामना होती है कि ऐसे कुल में जन्म न हो जहां प्रभुकृपा एवं भगवती की कृपा न हो। देव, दानव, मनुष्य, जीव,सभी अपने कर्मों के अनुसार जीते हैं और फल पाते हैं। हमें प्रतिदिन भगवती का निर्मल मन, वचन और हृदय से उपासना करनी चाहिए। दुर्गा सप्तसती का पाठ, हवन करना चाहिए।

#### भगवान की लीलाओं का किया वर्णन

साध्वी गोस्वामी ने कहा कि गोकुल से अग्रसेन के साथ मथुरा गमन, गोपियों की विरह वेदना, मथुरा में मामा कंस का वध, नाना उग्रसेन को मथुरा का राजा बनाना, कालियवन के साथ रण छोड़ कर भागना, मुंचकुद के द्वारा कालियवन को भस्म करना और द्वारका में अपनी नगरी बसाकर 16 हजार रानियों से विवाह करना, रुक्मिणी हरण, रुक्मिणी से विवाह, शिशुपाल का भरी सभा में सुदर्शन चक्र से नाश करना, महाभारत युद्ध में सखा अर्जुन के गीता का उपदेश, विराट दिव्य दर्शन और अंत में यदुवंश का नाश होना और महाप्रयाण जरा बहेलिया के द्वारा अपनी लीला का संवरण करने का वर्णन किया।

---

#### कांवड़ यात्रा ने मूल स्वरूप ही बदल दियाः महाकाल सेना

## श्रावण में महाकाल मंदिर आने वाली वास्तविक कांवड़ कौन सी, 150 किमी या 10 किमी से आने वाली?

**भोपाल।** श्रावण मास में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए शिव भक्तों द्वारा श्रद्धा-भक्ति से कांवड़ यात्रा निकाली जाती है। लेकिन वर्तमान में जगह-जगह निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा ने मूल स्वरूप ही बदल दिया। यह कहना है महाकाल सेना धर्म प्रकोष्ठ प्रमुख महेन्द्र सिंह बैस का। उन्होंने कहा कि माता पार्वती ने हिमालय से कैलाश तक शुद्धता पूर्वक नंगे पैर चलकर कांवड़ यात्रा कर भगवान शिव को जल अर्पित किया था, लेकिन वर्तमान में लोगों ने कांवड़ का मूल स्वरूप ही बदल दिया गया हैं। क्योंकि हर साल देखा जाता है कि एक महामंडलेश्वर संत त्रिवेणी उज्जैन से नाचते गाते कांवड़ लेकर आते हैं और महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में जाकर जल चढ़ाने की अनुमति प्राप्त कर लेते हैं, जो न्यायसंगत नहीं हैं। क्योंकि आम शिव भक्त जो वास्तविक रूप से कांवड़ के सभी नियमों का पालन करते हुए कांवड़ लेकर आते हैं, लेकिन सच्चे व सही भक्त जल नहीं चढ़ा पाते।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 7 जुलाई 2025





मौसम सुहान होने से बोट क्लब पर बड़ी संख्या में सैलानी जुटे और लोगों ने जमकर एंज्वॉय किया।

# बारिश कुछ थमी तो 4 डिग्री तक उछल गया पारा, देर रात झमाझम से यूटर्न

## मौसम केंद्र के अनुसार आज भी मौसम ऐसा ही रहेगा, 10 जुलाई के बाद तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को सुबह से रिमझिम बारिश हुई। दोपहर बाद से बादल छाए रहे, शाम 5 बजे से कुछ देर फिर बौछारों ने यूटर्न लेते हुए कुछ हिस्सों में बारिश कर दी। इसके बाद देर रात करीब 11.30 बजे झमाझम बारिश शुरू हुई जो अलसुबह तक रिमझिम के रूप में बरसती रही। इससे दिन में पारा 3.6 डिग्री उछल कर 29.2 डिग्री पर पहुंच गया। ये सामान्य से 3.1 डिग्री कम है। बौछारों के बाद इसमें फिर से 6 डिग्री की कमी आई और शाम 8 बजे के करीब पारा 23 डिग्री के करीब पहुंच गया। रात का पारा दशमलव 6 डिग्री गिरकर 23.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से दशमलव आठ डिग्री कम है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम सक्रिय है। भोपाल में 10 जुलाई के बाद एक बार फिर तेज झमाझम बारिश के आसार हैं।

शाम को पड़ी बौछारों से उमस गायब, पारा 6 डिग्री गिरा, देर रात फिर बादल बरसे

कल से बारिश में तेजी आने की उम्मीद, सिस्टम की सक्रियता और बढ़ेगी

### शहर में 17 मिमी बारिश

राजधानी के बैरागढ़ क्षेत्र में 24 घंटे में कुल 17.8 मिमी बारिश हुई है। वहीं, शहर में 11.4 मिमी बारिश दर्ज हुई है। एक जून से रविवार तक यहां कुल 280.1 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो सामान्य से 76.6 मिमी अधिक है।

### सैलानियों की बढ़ी भीड़

रविवार को दिन में 11 बजे के बाद मौसम साफ होने से दोपहर बाद पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की भीड़ बढ़ गई। बोट क्लब, मनुआभान की टेकरी, वनविहार सहित सभी पिकनिक स्पॉट्स पर सैलानियों की भीड़ सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। बोट क्लब पर सैलानियों ने नाव की सवारी के साथ ही दोपहर में कुछ देर धूप का आनंद भी लिया। शाम यहां बौछारें पड़ने से मौसम और सुहाना हो गया।

## एम्स भोपाल ने लांच किया 'कोड इमरजेंसी', बिना इंटरनेट के भी करेगा काम

# हर कोई होगा आपातकाल का 'हेल्थ एक्सपर्ट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इमरजेंसी में तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के साथ मरीजों की जीवन को बचाने के उद्देश्य से एम्स भोपाल ने अपना अभिनव मोबाइल ऐप 'कोड इमरजेंसी' लॉन्च किया है। यह एप अब प्ले स्टोर पर उपलब्ध है और इसका लक्ष्य हर व्यक्ति को आपातकालीन स्थितियों में 'हेल्थ एक्सपर्टस' बनाना है।

अक्सर हम देखते हैं कि लोग अचानक गश खाकर गिर पड़ते हैं और समय पर चिकित्सीय सहायता न मिलने के कारण दम तोड़ देते हैं। इसका मुख्य कारण अक्सर 'सडन कार्डियक अरेस्ट' बताया जाता है। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोका जा सकता है, यदि आसपास मौजूद कोई व्यक्ति पीड़ित को तुरंत सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दे। 'कोड इमरजेंसी' ऐप इसी तरह की स्थितियों में लोगों को तुरंत और सही मार्गदर्शन देगा। एम्स भोपाल के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने डॉ. शेहताज खान, डॉ. श्रुति दुबे और डॉ. भूपेश्वरी पटेल की टीम की सराहना की, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण ऐप के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### प्ले स्टोर पर उपलब्ध

*डॉ. शेहताज खान, डॉ. श्रुति दुबे और डॉ. भूपेश्वरी पटेल ने ऐप की लॉन्चिंग के दौरान बताया कि यह ऐप आपात स्थिति में हर व्यक्ति को हेल्थ एक्सपर्ट का रोल निभाने में मदद करेगा। उन्होंने ऐप की सबसे बड़ी खूबी बताते हुए कहा कि इसे एक बार प्ले स्टोर से डाउनलोड करने के बाद चलाने के लिए इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता नहीं होती है। यह सुविधा मेट्रो सिटी से लेकर दूरदराज के क्षेत्रों तक के व्यक्तियों को बिना किसी समस्या के जरूरत होने पर ऐप का उपयोग करने में सक्षम बनाएगी।*

### एप की विशेषताएं

यह एप हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। एक बार डाउनलोड करने के बाद यह बिना इंटरनेट कनेक्शन के भी सुचारु रूप से कार्य करता है।

एप में कहीं भी सीपीआर देकर किसी की जान बचाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसमें सभी आयु वर्गों के लिए उपयुक्त निर्देश सम्मिलित हैं।

एप में वन स्टेट वन हेल्थ वन इमरजेंसी पॉलिसी पर आधारित एक ड्रॉप डाउन मेन्यू भी है, जिससे सांप काटने, रोड एक्सीडेंट में सिर पर चोट लगने जैसी विभिन्न आपातकालीन स्थितियों और बीमारियों की जानकारी सरलता से प्राप्त की जा सकती है।

### वन स्टेट, वन हेल्थ, वन इमरजेंसी पॉलिसी पर आधारित

'कोड इमरजेंसी' एप एम्स भोपाल की वन स्टेट, वन हेल्थ, वन इमरजेंसी पॉलिसी पर आधारित है। इस एप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे न केवल हेल्थ वर्क्स के लिए, बल्कि यह आम नागरिकों के उपयोग के लिए भी डिजाइन किया गया है।

डॉ. अजय सिंह, निदेशक, एम्स भोपाल

### एम्सः मरीजों को इलाज के साथ मिलेगा प्राकृतिक वातावरण

एम्स भोपाल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को अब इलाज के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण भी उपलब्ध होगा। दरअसल, एम्स में चिकित्सा, शिक्षा और शोध के साथ अब एक स्वच्छ, हरित और पर्यावरण-अनुकूल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। एम्स प्रबंधन का कहना है कि संस्थान का लक्ष्य केवल एक चिकित्सा केंद्र के रूप में कार्य करना नहीं है, बल्कि समाज के समक्ष एक ऐसे 'ग्रीन कैंपस' का आदर्श प्रस्तुत करना भी है, जो सतत विकास और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक हो।

### 'ग्रीन कैंपस' बनाया

संस्थान की टीम निरंतर पौधरोपण अभियानों, स्वच्छता गतिविधियों और ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाकर कैंपस को एक ग्रीन केंपस के रूप में विकसित करने में जुटी हुई है।

डॉ. अजय सिंह, निदेशक, एम्स भोपाल

**बच्चे को मिली नई जिंदगी**

### करंट से शरीर पड़ गया था पीला, जूनियर डॉक्टरों ने बचाई बच्चे की जान

हमीदिया अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की मेहनत से एक 15 साल के बच्चे को नया जीवन मिला है। बिजली का करंट लगने से बच्चे का पूरा शरीर पीला पड़ गया था। उसे गंभीर अवस्था में परिजन उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर आए थे। बच्चे की नाजुक हालत को देख जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने तत्काल उसका उपचार शुरू किया। करीब दो घंटे



चले इलाज के बाद बच्चे को होश आया। डॉक्टरों का कहना है कि यदि समय पर परिजन उसे इलाज के लिए नहीं लाते तो उसकी जान को खतरा हो सकता था। इलाज के बाद अब बच्चे की स्थिति ठीक है और वह बातचीत भी कर रहा है। बच्चे की जान बचाने में डॉ अभिषेक तिवारी, डॉ नीरज मिश्रा, डॉ राजकुमार और नर्सिंग स्टाफ साजिद, मंजू और माधुरी ने विशेष भूमिका निभाई। जीएमसी डीन डॉ कविता एन सिंह ने बच्चे की जान बचाने वाले जूनियर डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की सराहना की है।

## लापरवाह अफसरों पर होगी कार्रवाई

# बिना काम के 12 साल तक 28 लाख तक वेतन लेने वाले आरक्षक को पहले किया सस्पेंड, फिर दी बहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बिना काम के 12 साल तक वेतन लेने वाले आरक्षक का मामला उजागर होने के बाद विभाग ने पहले उसे सस्पेंड कर दिया था। इसके बाद बहाली भी कर दी। दरअसल आरक्षक अब तक विभाग से 28 लाख रूपए की सेलरी ले चुका है। इस मामले में उन जिम्मेदार अफसरों को भी चिन्हित किया जा रहा है जो 12 साल पूर्व पदस्थ थे और इस मामले में ध्यान नहीं दिया। जांच के बाद उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

दरअसल, मध्य प्रदेश पुलिस अपने एक आरक्षक को पिछले 12 सालों से बिना एक दिन काम किए वेतन देती रही है। इस आरक्षक को भर्ती के बाद बुनियादी प्रशिक्षण के लिए भोपाल पुलिस लाइन से सागर प्रशिक्षण केन्द्र भेजा गया था। आरक्षक प्रशिक्षण केंद्र न जाकर विदिशा स्थित अपने घर चला गया। प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारियों ने भी उसके वहां नहीं पहुंचने की सूचना भोपाल लाइन को नहीं दी। जब छह महीने का प्रशिक्षण पूरा कर अन्य आरक्षक भोपाल पुलिस लाइन में वापस पहुंचे तो अधिकारियों ने उसकी जांच नहीं की। गायब होने के दौरान हर महीने तय समय पर उसके खाते में वेतन आता रहा, लेकिन किसी का ध्यान नहीं गया। उसके 10 साल का कार्यकाल जब पूरा हुआ तो अफसरों ने वेतन ग्रेड की समीक्षा की। इस दौरान सजा और पुरस्कार से जुड़े उसके दस्तावेज नहीं मिले। इसके बाद उसे बुलाया गया तब मामला आला अफसरों के सामने उजागर हुआ। आरक्षक ने भी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने और उपचार कराने का कारण विभाग को बताया। इसके बाद एसीपी टीटी नगर अंकिता खातनकर के नेतृत्व में जांच समिति बना दी गई। वहीं उसकी विभागीय जांच शुरू कर दी। जांच में अब तक पता चला है कि 28 लाख से भी ज्यादा की राशि उसके खाते में पहुंची है। इसमें से उससे कुछ वसूली भी की जा चुकी है। एसीपी अंकिता खातनकर का कहना है कि अभी तो मुझे मामले की जांच सौंपी गई है। जांच के दौरान देखा जाएगा कि 10 साल पूर्व किन अधिकारियों की लापरवाही रही है। उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

## आज अधीक्षक से मिलेंगे पदाधिकारी

# अस्पताल में अतिक्रमण करने वाले वार्ड ब्वॉय पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में धर्म के नाम अतिक्रमण करने वाले अस्पताल के कर्मचारी मोहम्मद रईस के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से जूनियर डॉक्टर एसोशिसन आक्रोशित है। सोमवार को वार्ड ब्वॉय रईस पर कार्रवाई करने को लेकर जूडा के पदाधिकारी अधीक्षक डॉ सुनीत टंडन से मिलेंगे। बतादें कि दो दिन पहले अस्पताल के वार्ड ब्वॉय रईस ने अस्पताल परिसर में धर्म की आड़ में अतिक्रमण करने का प्रयास किया था। रईस ने अपने साथियों के साथ इंमरजेंसी ब्लॉक के पास खाली पड़ी जगह पर अतिक्रमण कर दीवार को हरे रंग से रंग कर वहां धार्मिक झंडा लगा दिया। जिसका जूडा और कर्मचारियों ने विरोध कर अतिक्रमण का काम रुकवा दिया था। जूडा के अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने बताया कि अस्पताल परिसर में धर्म के नाम पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी की है। सोमवार को अधीक्षक से मिलकर अतिक्रमण करने वाले वार्ड ब्वॉय रईस के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेंगे।

### अतिक्रमण से हो रहा सुरक्षा से खिलवाड़

हमीदिया अस्पताल में असामाजिक तत्वों द्वारा धर्म के नाम पर अतिक्रमण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल परिसर में अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। हमने ज्ञापन भी दिया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन देकर अतिक्रमण के मामले से अवगत कराया गया है। हमीदिया अस्पताल परिसर में पहले से अतिक्रमण की गतिविधियां लगातार चलती आ रही हैं। अतिक्रमण होने से कई बार अप्रिय घटनाएं भी हो चुकी हैं। हम लगातार अतिक्रमण के विरुद्ध मुहिम चलाते आए हैं। हमारी प्राथमिकता अस्पताल परिसर और डॉक्टरों की सुरक्षा है।

डॉ. कुलदीप गुप्ता, अध्यक्ष, जूनियर डॉक्टर

### प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत के लिए जा रहे कार्यकर्ताओं की कार गाय से टकराई




**भोपाल।** भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल रविवार को पहली बार अपने गृह नगर बैतूल पहुंचे। विजय भवन भाजपा कार्यालय में हुए सम्मान समारोह का कार्यक्रम था। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के साथ भोपाल से काफिले में चल रहा भाजपा कार्यकर्ताओं की एक कार बैतूल के भौंरा में पहलवान ढाबे के पास गाय से टकरा गई। जिसमें चालक ओबीसी मोर्चे के प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया प्रताप सिंह यादव सहित तीन लोगों को हल्की चोट आई, तो वहीं कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## फर्जी मान्यता दिलाने के मामले में हैं आरोपी

# सुरेश भदौरिया का हवन कराते हुए वीडियो आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी रूप से कॉलेजों को मान्यता दिलाने के मामले में इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश भदौरिया को फरार बताया जा रहा है। लेकिन भदौरिया का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह इंदौर के एक शनि मंदिर में हवन करा रहे हैं। रिश्वत लेकर मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दिलाने के मामले में सीबीआई ने उन पर केस दर्ज किया है। उनकी तलाश में सीबीआई जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को उन्होंने एलआईजी स्थित शनि मंदिर में विशेष पूजा करवाई है। इस दौरान भदौरिया के साथ उनके दो गार्ड, गन मैन और ड्राइवर भी मंदिर में मौजूद रहे। इसी दौरान घटनाक्रम का एक शख्स ने वीडियो भी बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। दरअसल, इंदौर के खुदैड़ स्थित



इंडेक्स मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन सुरेश भदौरिया समेत 35 लोगों को सीबीआई ने आरोपी बनाया है। पिछले दिनों सीबीआई की टीम ने उनके इंडेक्स मेडिकल कॉलेज मे छापा मारा था। इसमें कॉलेज की परमिशन सहित अन्य दस्तावेज, डेटा, रिकॉर्ड जब्त किया था। इसके बाद से सीबीआई उनकी तलाश कर रही है।

## जलकार्य शाखा और लोनिवि ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा

# सड़क खुदाई में टूटी पाइप लाइन दानापानी रोड पर बहता रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम रोड स्थित सुरेंद्र एन्क्लेव कॉलोनी की बल्क कनेक्शन की पानी की पाइप लाइन रविवार को सड़क खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई। दरअसल, दानापानी रोड पर लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) द्वारा सड़क खुदाई का कार्य चल रहा था। इस दौरान एक बुलडोजर पाइप लाइन से टकरा गया, जिससे पानी का तेज फव्वारा फूट पड़ा और कुछ ही देर में सड़क पानी से लबालब भर गई। करीब चार इंच यानी 100 एमएम मोटी इस पाइप लाइन से घंटों तक पानी फिजूल बहता रहा। इस कारण राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही नगर निगम की जलकार्य शाखा के सहायक यंत्री मौके पर पहुंचे और मुआयना कर लोनिवि के इंजीनियरों से चर्चा की। लोनिवि अधिकारियों ने पाइप लाइन की मरम्मत की जिम्मेदारी ली और कार्य शुरू कर



दिया है। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि यह लाइन खुदाई के दौरान टूटी है और इसकी मरम्मत का काम लोनिवि कर रहा है। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य रविवार देर रात तक पूरा हो जाएगा। आज से पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।

## खाने की क्वालिटी में आएगा सुधार, शिकायतों पर हो सकेगी त्वरित कार्रवाई

# पेंट्री कारों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, भोजन की गुणवत्ता पर रहेगी कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने के लिए लगातार तकनीकी बदलाव कर रहा है। रेलवे की पेंट्री कारों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

इस पहल का प्रमुख उद्देश्य ट्रेनों में परोसे जाने वाले खाने की गुणवत्ता और स्वच्छता पर निगरानी रखना है, ताकि यात्रियों को साफ-सुथरा और मानकों के अनुरूप भोजन मिल सके। रेलवे द्वारा उठाए गए इस कदम से न केवल भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि यात्रियों को मिलने वाली सेवा में भी पारदर्शिता आएगी। अब तक कई यात्रियों ने ट्रेनों में मिलने वाले खाने को लेकर खराब गुणवत्ता, दुर्गंध, या अस्वच्छता जैसी शिकायतें की थीं। लेकिन इन शिकायतों की जांच करना कठिन होता था, क्योंकि कोई प्रत्यक्ष प्रमाण उपलब्ध नहीं होता था। अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन मामलों की तुरंत और निष्पक्ष जांच की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों भोपाल स्टेशन पर पंजाब मेल ट्रेन में डीसीएम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान काफी गंदगी देखने को मिली। साथ ही पेंट्री कार के कर्मचारी यात्रियों से ओवर चार्ज भी वसूल रहे थे।




### कैमरों से खाने की गुणवक्ता में आएगा सुधार

*सभी लंबी दूरी की ट्रेनों की पेंट्री कारों में हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों की निगरानी संबंधित जोन के कंट्रोल रूम और फूड सेफ्टी अधिकारी भी कर सकेंगे। कैमरे चौबीस घंटे सक्रिय रहेंगे और खाना बनाने, पैकिंग करने, भंडारण और वितरण की हर प्रक्रिया को रिकॉर्ड करेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही न हो। सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने से पेंट्री कार में काम करने वाले कर्मचारियों में स्वाभाविक रूप से अनुशासन और सतर्कता आएगी। उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी, जिससे वे स्वच्छता नियमों का पालन करने में अधिक जिम्मेदार बनेंगे।*

### पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ ट्रेनों में शुरू

*रेलवे ने इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ प्रमुख ट्रेनों में लागू करना शुरू कर दिया है, जिसमें राजधानी, शताब्दी और दुरंतो जैसी प्रीमियम ट्रेनें शामिल हैं। प्रारंभिक नतीजे सकारात्मक रहे हैं, और यात्रियों ने भी इस पहल की सराहना की है। आने वाले महीनों में इसे सभी लंबी दूरी और महत्वपूर्ण ट्रेनों तक विस्तारित किया जाएगा।*

### कर्मचारी भोजन तैयार करने में ज्यादा सतर्कता बरतेंगे

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से जहां एक ओर कर्मचारी भोजन तैयार करने में ज्यादा सतर्कता बरतेंगे, वहीं दूसरी ओर फूड सेफ्टी के मानकों का पालन करना भी अनिवार्य होगा। यात्रियों की शिकायतों की जांच भी अब आसान और त्वरित हो सकेगी, क्योंकि कैमरों की फुटेज को प्रमाण के तौर पर उपयोग किया जा सकेगा।

## निगम का दावा, कर्मचारी शामिल नहीं

# वार्ड कार्यालय परिसर में तिरंगे जलाने के मामले में अज्ञात पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वार्ड-50 के परिसर में तिरंगा जलाने के मामले में शाहपुरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें नगर निगम के वार्ड-50 ई-8 दानापानी रोड स्थित वार्ड कार्यालय के पीछे रोहित नगर में राष्ट्रीय ध्वज जलते नजर आए। तभी एक युवक मौके पर पहुंचा और उसने आग से जलते हुए तिरंगे बाहर निकाले। तभी वार्ड प्रभारी विजेन्द्र चौहान ने युवक से आग से बाहर निकाले तिरंगे छीनने का प्रयास किया। हालांकि तब तक करीब 500 से अधिक तिरंगे जल चुके थे।

इधर, निगम ने दावा किया है कि इस घटना में निगम का कोई कर्मचारी शामिल नहीं था। मामला कमिश्नर हरेन्द्र नारायन तक पहुंचा तो उन्हें इस मामले की जांच के निर्देश दिए। इधर, मामले की शिकायत जयेंद्र कोठारी द्वारा शाहपुरा पुलिस को दी गई। पुलिस ने जयेंद्र कोठारी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप



### विद्या हाइट स्कूल में किया पौधरोपण

**मंडीदीप।** सतलापुर स्थित जैन स्किल वेलफेयर संचालित विद्या हाइट कॉन्वेंट स्कूल ने खेड़ापति मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया। संचालक आकाश जैन ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, संवेदनशीलता तथा संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना था। चैयरमेन अशोक जैन ने पौधे लगाने व संरक्षण का संदेश दिया।

### यूथ हॉस्टल ने टपकेश्वर महादेव ट्रैकिंग की



**मंडीदीप।** नगर में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने टपकेश्वर महादेव, सारु मारु गुफाएं के आसपास के क्षेत्र में ट्रैकिंग की। एसोसिएशन के सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि रविवार को टपकेश्वर महादेव लोकल ट्रैकिंग की गई। ट्रैकिंग के सदस्यों को सर्टिफिकेट दिए गए। इस दौरान पुर्व नगर पालिका अध्यक्ष उषा भार्गव, निर्मल यादव, दिनेश पवार, महेश बसौतिया, निर्मल जीवनानी, देवेंद्र गुर्जर, सुरेंद्र नागर, मनीष ठाकुर सहित 40 सदस्यों में इकाई के वरिष्ठ महिला पुरुष सदस्यों के साथ बच्चों ने भी अपनी सहभागिता दी।

### चौहान और सिंह ने पटवा से लिया आशीर्वाद

**औबेदुल्लागंज।** रविवार को भाजपा नेता मीडिया प्रभारी सुजीत सिंह चौहान और आईटी मंडल संयोजक अतर सिंह का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। दोनों पदाधिकारियों ने विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर पहुंच कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पंकज कोठारी, लोकेश परमार, नितेश नागर ने केक काटा।

### 234 की हुई नेत्र जांच,38 रोगियों के ऑपरेशन होंगे

**संतनगर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने रविवार को पंजाबी बाग गुरूद्वारे में निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया, जिसका शुभांरभ खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने किया। सारंग ने रोगियों से बातचीत की। शिविर में 234 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच की गई। जिसमें 38 रोगियों में मोतियाबिंद मिला, जिन्हें एंबुलेंस से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया। सोमवार को इन रोगियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे। अगला शिविर 13 जुलाई को मानस भवन, पॉलिटेक्निक चौराहे पर लगाया जाएगा। इस अवसर पर चंद्रशेखर सोनी, सुनील जैनाविन, नारायण सिंह कुशवाह, अशोक वाणी, सूर्यकांत गुप्ता, पंजाबी बाग गुरूद्वारे से बंटी नारंग, परविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## कैंसर पीड़ित पिता की भी हुई मौत

**क्षेत्र में फैली सनसनी**

# कटा सिर रखा एक तरफ, नजदीक रखा दिखा धड़, नरबलि की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

तांत्रिक क्रिया सामान के साथ चबूतरे पर रखा हुआ एक कटा सिर, सामने नजदीक में ही रखा हुआ धड़। उक्त सनसनीखेज मामले के वीभत्स दृश्य को देखकर लोगों के साथ पुलिस के भी रोंगटे खड़े हो गए। यह दृश्य जिसने भी देखा, वह व्यक्ति उक्त दृश्य को देखकर अचंभित रह गया। वहीं जब मृतक के पिता की भी मौत हो गई, तब मामला और भी संदिग्ध हो गया। उक्त मामले की जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है। जिले के चंदेरा थाना अंतर्गत ग्राम विजयपुर गांव के पास स्थित गोंड बाबा के स्थान पर ग्राम सतगुआ निवासी 32 वर्षीय अखिलेश कुशवाहा नाम के व्यक्ति की नरबलि की आशंका के साथ सिर कटी लाश मिली है। जिसमें अखिलेश के सिर को धड़ से अलग कर तांत्रिक क्रिया सामान के साथ एक चबूतरे पर रखा हुआ पाया गया और नजदीक ही धड़ भी रखा हुआ मिला है।



### घटनास्थल के पास है मृतक का खेत

घटना स्थल के नजदीक ही अखिलेश का खेत भी है। जहां वह विगत शनिवार की रात गया था। लेकिन जब सुबह तक अखिलेश घर नहीं पहुंचा तो उसे देखने के लिए लोग जब अखिलेश के खेत पर पहुंचे तो खेत के पास में ही स्थित गोंड बाबा के चबूतरे के पास उसकी सिर कटी लाश देखकर लोग अचंभित रह गए। उक्त मामले में खास बात यह है कि कटा हुआ सिर एक चबूतरा जैसी जगह पर तांत्रिक क्रिया सामान के साथ एक झंडे के नीचे रखा मिला है। जिससे उक्त मामले में नरबलि की आशंका जताई जा रही है।

### मृतक के पिता की भी सुबह हो गई मौत

*यह घटना जिले के चंदेरा थाना अंतर्गत विजयपुर गांव की बताई गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम चंदेरा थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उक्त घटना की जानकारी आग की तरह क्षेत्र में फैलने की वजह से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि मृतक की पहचान 32 वर्षीय अखिलेश कुशवाहा के रूप में की गई है, जो सतगुआ ग्राम का निवासी था। मृतक अखिलेश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जतारा अस्पताल भेजा गया है। उक्त घटना की जानकारी के दौरान ही मृतक अखिलेश के पिता गोला कुशवाहा का भी रविवार सुबह ही निधन हो गया। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक अखिलेश के पिता गोला कुशवाहा कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। रविवार सुबह करीब 4 बजे उनका निधन हो गया। मृतक अखिलेश के घर में उसकी मां भी हैं जो मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही हैं। परिवार में मृतक अखिलेश के दो भाई भी हैं, जिनमें से एक की उम्र 3 और दूसरे की उम्र 17 साल बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा उक्त पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है, जिससे उक्त सनसनीखेज मामले की हकीकत सामने आ सके। अभी पुलिस उक्त मामले की तह तक जाने का प्रयास करते हुए जांच पड़ताल कर रही है। क्योंकि उक्त मामला सनसनीखेज होने के साथ संदिग्ध भी दिखाई दे रहा है।*

## ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र का मामला

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत शराब की कलारी के पास हुआ था विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित शराब की कलारी के पास शनिवार दोपहर कारोबारी के बेटे का तीन युवकों से विवाद हो गया। विवाद की वजह गुटखा खाकर थूकने की बात सामने आई है। दरअसल, कारोबारी के बेटे ने गुटखा खाकर थूका था और वहां शराब पी रहे युवक की डिस्पोल में थूक के छीटें आ गए।

इससे नाराज युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कारोबारी के बेटे से मारपीट कर दी। कारोबारी का बेटा घर पहुंचा तो उल्टियां कर रहा था। उसे पिता अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पिता ने मारपीट करने वाले युवकों पर जहर खिलाने के आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि विवाद के बाद उसे परिचितों ने अमोनी चौराहा तक छोड़ दिया था। वहां से वह खुद अपनी बाइक से घर पहुंचा है। अनुमान है कि उसने आत्मगिलानी के चलते जहर खाया है।

**गुटखा थूकते समय शराब के डिस्पोजल में गया थूक तो हो गया था विवाद**



### विवाद में तीन युवकों ने दौड़ा-दौड़कर पीटा

**मारपीट में के बाद खुद जहर खाने का अनुमान**

#### आम के बगीचे से आम तोड़ने गया था युवक

पुलिस के अनुसार सलमान खान पिता कल्लू खान (23) ईंटखेड़ी में रहता था। उसके पिता आम का बगीचा खरीदते हैं। सलमान पिता का काम देखता था। शनिवार दोपहर वह बरखेड़ी अब्दुल्ला गया था। वहां उसे आम के बगीचे से आम तोड़ने थे, लेकिन बारिश होने के कारण उसने आम नहीं तोड़े। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के आसपास वह सूखी सेवनिया स्थित कलारी पर पहुंचा। वहां राजा बंजारा अपने दो साथियों के साथ शराब पी रहा था। सलमान ने गुटखा खाकर थूका तो राजा बंजारा की डिस्पोजल में थूक के छींटे गिर गए। इस पर राजा बंजारा का सलमान से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राजा और उसके साथियों ने सलमान के साथ मारपीट कर दी। मारपीट बढ़ने पर सलमान सामने रंजीत लोधी की दुकान पर पहुंचा था। रंजीत लोधी और वहां मौजूद लोगों ने राजा बंजारा और उसके साथियों से सलमान को बचाया और अमोनी चौराहा तक उसे छोड़कर आए थे, ताकि सलमान और राजा का दोबारा विवाद न हो।

#### बाइक चलाकर पहुंचा घर और उल्टियां करने लगा

अमोनी चौराहा से सलमान अपनी बाइक लेकर घर चला गया। घर पहुंचकर वह उल्टियां करने लगा और बेसुध हो गया। पिता उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता ने आरोप लगाए हैं कि बेटे के साथ मारपीट करने वालों ने उसके मुंह में गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली ठूंसी है। इधर पुलिस का कहना है कि विवाद के समय कलारी और आसपास काफी लोग मौजूद थे। वहां लोगों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि सलमान और आरोपियों के बीच केवल मारपीट हुई है।

#### जहर नहीं खिलाया

सलमान के साथ मारपीट हुई है। उसे जहर नहीं खिलाया गया है। पुलिस की टीम ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की थी। उसके परिचित की दुकान भी कलारी के पास है। उसने भी बताया कि मारपीट के बाद अमोनी चौराहा तक सलमान को छोड़ा गया था। उस समय तक वह ठीक था। अनुमान है कि आत्मगिलानी के कारण उसने जहर खाया है। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**रामबाबू चौधरी,**
थाना प्रभारी
सूखीसेवनिया

#### टंकी में डूबने से हुई थी छह साल के मासूम की मौत, डेयरी संचालक पर मामला दर्ज

ईंटखेड़ी पुलिस ने ग्राम गोलखेड़ी में छह साल के मासूम सत्यम की पानी की टंकी में डूबने से मौत के मामले में डेयरी संचालक राजा मियां (65) निवासी साजिदा नगर करबला रोड कोहेफिजा पर मामला दर्ज किया है। जांच में यह बात सामने आई कि डेयरी संचालक ने मवेशियों को पानी पिलाने वाली टंकी (हौज) खुली छोड़ दी थी। यदि टंकी को ढांक कर रखा जाता तो सत्यम की जान नहीं जाती। करीब दो महीने चली जांच के बाद पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से सिरोंज निवासी विजय सिंह रावत गोलखेड़ी में राजा मियां की डेयरी में परिवार के साथ रहते हैं। विजय सिंह के परिवार में पत्नी के अलावा तीन साल की बेटी और छह साल का बेटा सत्यम था। विगत तीन मई की सुबह विजय पत्नी के साथ डेयरी में काम कर रहे थे। सुबह करीब सवा 11 बजे उनकी नजर पड़ी तो बेटा सत्यम रावत (6) पानी के हौज में पड़ा नजर आया। फौरन सत्यम को हौज से बाहर निकालकर अस्पताल लेकर गए, लेकिन पहले ही बच्चे की मौत हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि हौज में करीब सवा तीन फिट पानी भरा हुआ था।

#### बीमारी से परेशान 80 साल के बुजुर्ग ने लगाई फांसी

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित पीरिया मोहल्ला में रविवार दोपहर अस्सी साल के बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वे उम्रदराज होने के कारण बीमार रहते थे। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पपुलिस के अनुसार जयराम पूर्वी (80) पीरिया मोहल्ला, बिलखिरिया में रहते थे। उनके उठने-बैठने के लिए परिजन ने बेड के पास रस्सी बांध रखी थी। परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह बेड के नीचे बैठी हुई अवस्था में नजर आए, जबकि गले में रस्सी लिपटी हुई थी।

# दो युवकों पर तलवार से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटीनगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने दो लोगों पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले से पूर्व आरोपी ने कार से पैदल जा रहे युवक को टक्कर मारी थी। विवाद होते देख बीचबचाव करने सैलून संचालक पहुंचा तो आरोपी ने उस पर तलवार से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार पवन कुमार सेन पंपापुर राहुलनगर में रहता है। वह माता मंदिर के पास सैलून की दुकान चलाता है। शनिवार रात उसकी दुकान पर राहुल पांडे पहुंचा। उसने कटिंग कराई और अपने घर जा रहा था, तभी डिपो चौराहा की ओर से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। कार आरोपी रोहित वर्मा चला रहा था। राहुल ने रोहित वर्मा को कार ठीक से चलाने का कहा तो विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने राहुल पांडे से मारपीट की। इसके बाद वह कार लेकर चला गया था। कुछ देर बाद आरोपी तलवार लेकर पहुंचा। आरोपी फिर विवाद शुरू कर दिया। उसने विवाद करते हुए राहुल पर तलवार से हमला कर दिया। पवन सेन ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने उसे भी तलवार मारी है।

# रेपिडो पर जा रही युवती से मोबाइल झपटकर भागे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पांच नंबर स्टॉप पर दुर्गा पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार झपटमारों ने रेपिडो बाइक पर जा रही युवती के हाथ से मोबाइल झपट लिया। घटना शनिवार रात करीब 9 बजे के आसपास की है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर बाइक सवार झपटमारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस घटनास्थल और उस ओर आने-जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस के अनुसार शाहपुरा गांव निवासी पलक नागर (21) बीकॉम की पढ़ाई पूरी कर चुकी है। फिलहाल वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। शनिवार रात करीब 9 बजे वह रेपिडो बाइक पर सवार होकर टीटी नगर से 5 नंबर स्टॉप की ओर आ रही थीं। मोबाइल उसके हाथ में था और वह गूगल मैप चैक कर रही थीं। तभी दुर्गा पेट्रोल पंप के पास हबीबगंज इलाके में पीछे से बाइक से आए दो बदमाशों में से पीछे बैठे बदमाश ने पलक नागर के हाथ में रखा मोबाइल झपट लिया और तेजी से बाइक चलाते हुए फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि अंधेरा होने के कारण वह न तो बदमाशों की गाड़ी का नंबर नहीं देख सकीं और न ही उनका हुलिया।

## डॉक्टरों ने की ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच की

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच कर दिया परामर्श, पौधरोपण भी किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सर्वनिदान हेल्थकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने रविवार को अपनी प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। झूलेलाल धर्मशाला, महावीर कॉलोनी में लगे शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी आदि जांच की और उन्हें स्वास्थ्य परामर्श दिया।

#### डॉक्टरों ने मां के नाम लगाए पौधे

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अनीशा भारतीय, डॉ. अनुराग गौर, डॉ.विजय पाटीदार, डॉ.आशीष शर्मा, विनीत साहू, डॉ. अनिल बडुके, डॉ. नीरज मालवीय, डॉ. प्रतिभा मालवीय, ऋषभ जैन, सृजित जैन, डॉ. निर्जला पचौरी शामिल थे। शिविर के बाद मां को नमन, प्रकृति को अर्पण थीम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। प्रत्येक सहभागी ने अपनी मां के नाम एक पौधा लगाया। जीवताशा फाउंडेश सचिव कार्तिक जैन ने संकल्प दिलाया कि हर शिविर के बाद एक पौधा मां के नाम पर अवश्य लगाएं।

### खुली हुई रोड क्रॉसिंग बनी वाहन चालकों के लिए खतरा

**औबेदुल्लागंज।** धाकड़ गार्डन के सामने और उमरिया के पास कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। हाईवे बनने के बाद तो दुर्घटना में कई मौतें हो चुकी हैं। इसमें ज्यादातर बाइक से दुर्घटनाएं शामिल है। इसके बाद भी प्रशासन नहीं जाग रहा, जबकि शांति कमेटी में कई लोगों ने मामले उठाए। औबेदुल्लागंज बाईपास तिराहे पर पहले भी दुर्घटनाएं हुई है। भोपाल से औबेदुल्लागंज आने के लिए सर्विस रोड उपलब्ध होने के बावजूद धाकड़ गार्डन के सामने रोड क्रॉसिंग क्यों खोल रखी है, ये समझ से परे है। औबेदुल्लागंज से भोपाल के लिए सीधे पुराने मार्ग से हाईवे पर जा सकते हैं। भोपाल से औबेदुल्लागंज की तरफ भोजपुर ब्रिज के अलावा दो और ब्रिज सर्विस रोड है, जिनका उपयोग आसानी से किया जा सकता है।

## निरंकारी महिला संत समागम आयोजित

# प्रवचनों से लेकर सुरक्षा तक महिलाओं ने संभाली कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन आशीर्वाद से निरंकारी मिशन के जोन भोपाल 24 ए की मंडीदीप ब्रांच में कानपुर से आई बहन शिखा ढींगरा की हुजूरी में विशाल निरंकारी महिला संत समागम आयोजित हुआ। समागम में श्रद्धालु बहनों ने गीत, संगीत, कविता, विचार आदि के माध्यम से सतगुरु माता का मानवता और प्यार मिल वर्तन का संदेश दिया। इस दौरान मंच संचालन भी बहनों द्वारा किया गया।

#### समाज व देश के लिए नारी शक्ति ने दिया महत्वपूर्ण योगदानः बहन शिखा

समागम में बहन शिखा ने कहा कि समाज और देश के लिए नारी शक्ति ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी प्रकार निरंकारी मिशन भी मातृशक्ति को हमेशा आगे करता आया है। निरंकारी मिशन में जगत माता बुद्धवंती, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर, माता सविंदर और वर्तमान में माता सुदीक्षा भी समाज और देश की सेवा कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि विभिन्न कार्यक्रम जोनल इंचार्ज महात्मा अशोक जुनेजा के निर्देशन में आयोजित किए जा रहे हैं।

### विहिप की बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर हुई बैठक



**संतनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संत प्रखंड की आगामी बूढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं प्रखंड वर्ग के विषय में बैठक हुई। जिसमें भोपाल विभाग धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख जीतू कटरिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में विहिप कार्यकर्ता हनी देवानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भगवा रंग का गमछा पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी गई। इस अवसर पर संत प्रखंड के अध्यक्ष त्रिलोक ख्यानी, संत प्रखंड मंत्री युवराज मीणा, संत प्रखंड संयोजक करण नागर, सह संयोजक रवि मराठा, जिला कार्यकारणी सदस्य राहुल मेहरा आदि मौजूद रहे।

## औबेदुल्लागंज, मंडीदीप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का विधायक पटवा ने किया भव्य स्वागत

# कार्यकर्ता सर्वोपरि, जो अच्छा कार्य करेगा, वह आगे बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का औबेदुल्लागंज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर खंडेलवाल ने कहा कि सक्रिय रहें, पार्टी हित का कार्य करें, कार्यकर्ता सर्वोपरि होता है, जो अच्छा कार्य करेगा, वह आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर पटवा ने कहा कि मुझे भोजपुर परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग मिलता है और भोजपुर परिवार के सदस्य ईमानदार, दमदार और वफादार है। इस अवसर पर पटवा ने सभी कार्यकर्ताओं का परिचय कराया।

#### इन पदाधिकारियों ने किया स्वागत



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर देवेंद्र सिंह राजू, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, सुरजीत सिंह बिल्ले, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष माया राय, पंकज कोठारी, माधव यादव, दशरथ गुर्जर, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, दीपू परमार, गजेंद्र नागर, सुजीत चौहान, रामपाल नंदू शर्मा, नरेश सेठी, बागीश अग्रवाल, कांता पटेल, मनोज चौरसिया, पुरुषोत्तम शर्मा, जीतू नंदवंशी, हरगोविंद वर्मा आदि ने स्वागत किया।

#### विधायक पटवा ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद सेनानी डॉ. मुखर्जी ने देश के लिए संपूर्ण जीवन अर्पण किया। विधायक पटवा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, लक्ष्मी चौकसे, सोनू चौकसे, रविंद्र विजय, माधव यादव, सुलेखा चौहान, रामपाल राजेंद्र गुड्डु साहू, जीतू नंदवंशी आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### डॉ. मुखर्जी को खंडेलवाल और पटवा ने अर्पित की पुष्पांजलि



**मंडीदीप।** नगर में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई।

मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा सहित अन्य अतिथियो ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रथम नगर आगमन पर प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियो सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वरुण बेवरेज कंपनी के कर्मचारियों ने शिवराज, पटवा से की मुलाकात

### कंपनी ने 76 वर्कर्स को नौकरी से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

वरुण बेवरेज कंपनी से असंवैधानिक रूप से हटाए जाने पर 76 कर्मचारियों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। कर्मचारी रविवार को खेड़ापति माता मंदिर पहुंचे और अपनी रोजी-रोटी के लिए माता से प्रार्थना की। कर्मचारियों ने सांसद और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक सुरेंद्र पटवा से मुलाकात की।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कर्मचारियों से कहा कि उनके साथ अन्याय नहीं होने देंगे। प्रबंधन से बात कर उचित निर्णय लिया जाएगा। विधायक पटवा ने भी कर्मचारियों को सहयोग का आश्वासन दिया है। कंपनी में 28



सालों से कार्यरत लालाराम रघुवंशी ने बताया कि कंपनी के नाम बदलते रहे, लेकिन वे निरंतर काम करते रहे। हल्के वीर रघुवंशी, बदामीलाल और जयदेव दास भी 28 सालों से कार्यरत हैं। कीर्तिनाथ मिश्रा 17 साल, वेद प्रकाश दुबे 10 साल और साहेब लाल 13 साल से कंपनी में सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिक कंपनी को चालू करने या उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। अगली सुनवाई 10 तारीख को निर्धारित की गई है, जिसमें कंपनी प्रबंधन अपना पक्ष रखेगा।


# मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के विचार को किया क्रियान्वित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे सच्चे नेता थे, जिन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में कोलकाता और पश्चिम बंगाल को बचाने का कार्य किया।

उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ की स्थापना ही नहीं कि तत्कालीन केंद्र सरकार से स्वयं को अलग करते हुए निर्दलीय रूप से निर्वाचन का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को क्रियान्वित करने का काम किया है। डॉ. यादव रविवार को रवींद्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर में 'एक देश-एक विधान' विषय पर आयोजित वैचारिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

धारा 370 के विरोध में निरंतर कार्य करते रहे डॉ. मुखर्जी




## एक देश, एक विधान कार्यक्रम में डॉ मुखर्जी का किया स्मरण

### डॉ. मुखर्जी का योगदान ऐतिहासिकः पांडे

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव कुमार पांडे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर जो योगदान है उसके बारे में अक्सर चर्चा होती है। उनका एक दूसरा योगदान भी इतना ही बड़ा है, जिस पर कम चर्चा होती है, वह है कोलकाता और पश्चिम बंगाल के संबंध में। कोलकाता भारत का अभिन्न हिस्सा है। पूर्वोत्तर के गलियारे से क्षेत्र के सभी राज्य परस्पर जुड़े हैं। इस इलाके के अस्तित्व को बनाए रखने से पाकिस्तान का भूमि संपर्क नहीं हो सका। आज पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। डॉ. मुखर्जी ने इन प्राथमिकताओं और राष्ट्र हित से जुड़े अति-महत्वपूर्ण विषय को समय रहते समझा और आवश्यक संघर्ष किया। इस तरह डॉ. मुखर्जी का योगदान ऐतिहासिक है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी आदि उपस्थित थे। प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

## धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन लक्ष्य को पूर्ण करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस तरह डॉ. मुखर्जी के संकल्प 'एक निशान, एक विधान और एक प्रधान' को साकार करने का कार्य किया गया है। डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत दुनिया का बड़ा लोकतांत्रिक देश है। उन्होंने इस उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम के लिए आयोजक और प्रतिभागियों, विशेष रूप से विद्यार्थियों को बधाई दी।

## खबर संक्षेप



### मांगों को लेकर कर्मचारी मंच का धरना 20 को

**भोपाल।** नौ सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित मप्र कर्मचारी मंच के नेतृत्व में कर्मचारी 20 जुलाई को आंबेडकर पार्क में धरना देकर प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन के बाद कर्मचारी पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपेंगे। यह निर्णय रविवार को खेल परिसर 74 बंगला में आयोजित मप्र कर्मचारी मंच की बैठक में लिया गया। बैठक में लंबित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर रणनीति बनाकर आंदोलन की रणनीति बनाई गई। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि बैठक में नौ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तैयार किया गया। जिसमें स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान का लाभ, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण, सुरक्षा श्रमिकों को कुशल श्रमिक का वेतन, अनुकंपा नियुक्ति का लाभ, अवकाश सुविधा एवं मेडिकल सुविधा देने समेत अन्य मांगें शामिल है।

### पांडे बने वन सुरक्षा श्रमिक संघ अध्यक्ष

**भोपाल।** वन विभाग में कार्यरत सुरक्षा श्रमिकों की लंबित मांगों के



निराकरण के लिए वन सुरक्षा श्रमिक संघ का गठन रविवार को किया गया। खेल परिसर 74 बंगला फॉरेस्ट डिविजन ऑफिस में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से वन सुरक्षा श्रमिक संघ का अध्यक्ष अरुण पांडे को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष इकबाल खान, सचिन, विक्रम सिंह और महामंत्री सलमान खान को नियुक्त किया गया है। नई कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने वन विभाग के सुरक्षा श्रमिकों की मांगों के निराकरण के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। वन सुरक्षा श्रमिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन सुरक्षा श्रमिक संघ वन विभाग में कार्यरत सुरक्षा श्रमिकों व अनियमित कर्मचारियों के लिए लगातार लड़ेगी और उनकी मांग का निराकरण करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही प्रभारी चिकित्सक निलंबित

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को रेबीज सहित अन्य आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धार जिले के मांडू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रेबीज वैक्सीन नहीं मिलने की घटना पर संज्ञान लिया गया। प्रकरण की जांच कराई गई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि डॉ. सुब्रत दास की पत्नी को रेबीज वैक्सीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही उपलब्ध कराई गई थी। संस्था प्रभारी डॉ. चांदनी डाबरोलिया द्वारा अनावश्यक देरी एवं लापरवाही बरती गई, जिसके कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। इस संबंध में समस्त सीएमएचओ को निर्देशित किया गया है कि वे अपने जिलों में रेबीज वैक्सीन सहित सभी आवश्यक दवाओं की नियमित समीक्षा करें।

## सरकार वनवासियों के साथ है, यह भावना जन-जन तक जानी चाहिए: सीएम डॉ. यादव

# पेसा मोबालाईजर की नियुक्ति के अधिकार अब ग्राम सभाओं को देगी प्रदेश सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें। वनवासियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रबंध किए जाएं। जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं।

इस सम्मेलन के जरिए सरकार इन बच्चों को उन तक पहुंचने वाले लाभ का फीड-बैक भी लेगी और जिन्हें जरूरत है, उन तक सरकार की योजनाएं तथा सुविधाएं भी पहुंचाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा इसी विषय के लिए गठित कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

*मुख्यमंत्री ने वनाधिकार और पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यस्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति की पहली बैठक में दिए निर्देश*

**खास बातें**

- दुग्ध उत्पादन के जरिए जनजातीय भाई-बहनों की बढ़ाएं नकद आय
- जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं : सीएम



### 31 दिसंबर तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कार्य एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट यानि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इसमें पेसा मोबालाईजर्स के जरिए जनजातियों को उनके अधिकारों के बारे

### ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा मोबालाईजर्स को नियुक्त करने और संतोषजनक प्रदर्शन न करने पर हटाने के अधिकार सरकार अब ग्राम सभाओं को देने जा रही है। इस निर्णय से एकरूपता आएगी और ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वनवासियों की बेहतरी के लिए संकल्पित है। उनके सभी हितों की रक्षा की जाएगी। वन विभाग का मैदानी अमला यह सुनिश्चित करे कि वन भूमि पर अब कोई भी नए अतिक्रमण कदापि न होने पाएं।*

### विधायकों की ओर से विजन डॉक्यूमेंट बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के 'जलयुक्त शिविर' अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल मप्र में भी अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की ओर से इस अधिनियम के अमल के लिए की जा रही कार्यवाही के सभी पहलुओं का अध्ययन कर लें और जो सबसे उपयुक्त है उसी मॉडल पर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विधायकों की ओर से विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया है।

## अब तक 450 वनाधिकार दावे भरवाए जा चुके हैंः नेताम

बैठक में समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम ने बताया कि वनाधिकार अधिनियम के प्रभावी अमल के लिए बालाघाट जिले में पुलिस विभाग की ओर से सभी पुलिस चौकियों में एकल सुविधा केन्द्र स्थापित कर इसके जरिए कैम्प लगाकर जनजातियों को लाभान्वित किया जा रहा है। अब तक 450 वनाधिकार दावे भरवाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 88 जनजातीय विकासखंडों वाले जिलों के कलेक्टर को बालाघाट मॉडल भेजकर इसी अनुरूप करने के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि 31 दिसम्बर तक सभी गांवों के दावे प्राप्त कर लें और इसी दौरान इनका निराकरण भी कर लें। वन अधिकारियों की ट्रेनिंग का काम 15 अगस्त तक पूरा कर लिया जाए।

### समुचित प्रावधान भी विजन डॉक्यूमेंट में

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम और पेसा कानून के अमल के लिए समुचित प्रावधान भी इसी विजन डॉक्यूमेंट में शामिल कर लिए जाएं। सरकार विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों और अन्य जनजातीय बहुल गांव, मजरों-टोलों तक सड़कें बना रही है।

### अब तक 2.89 लाख से अधिक दावे मान्य

*प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य ने बताया कि वर्ष 2008 से 2023 तक कुल 2 लाख 89 हजार 461 वनाधिकार दावे मान्य किए गए हैं। लंबित दावों के निराकरण के लिए कार्रवाई की जा रही है। वन मित्रा पोर्टल के अनुसार पूर्व में मान्य दावों के सत्यापन के उपरांत अपात्र हितग्राहियों के वनाधिकार दावे अमान्य किए गए हैं। पुनः परीक्षण के लिए 87 हजार 283 और एक लाख 86 हजार 224 नए प्राप्त दावे इस प्रकार कुल 2 लाख 73 हजार 457 दावे अभी लंबित स्थिति में है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़वानी, धार, खरगोन, मंडला, बैतूल, छिंदवाड़ा, शहडोल, खंडवा, सिंगरौली, रायसेन, डिण्डौरी, अलीराजपुर, बुरहानपुर, सिवनी, उमरिया और बालाघाट जिले में 7-7 हजार से भी अधिक वनाधिकार दावे मान्य किए गए हैं।*

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा पदाधिकारियों और सीएम ने किया माल्यार्पण



# डॉ. मुखर्जी दूरदृष्टि वाले राष्ट्रनायक थे राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 लगाकर देश की जनता के साथ पाप किया। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान दिया।

### देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के पक्षधर थे डॉ. मुखर्जी

*सीएम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देकर राष्ट्रीय एकता की आधारशिला को शिद्दत से मजबूत किया। डॉ. मुखर्जी देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के पक्षधर थे। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए नई दिशा, नए विचार दिए। उनके द्वारा कश्मीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद भी जम्मू-कश्मीर में धारा-370 का कलंक जारी रहा एवं 40 हजार निरपराध लोग पीड़ा और हिंसा के शिकार हुए। प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की।*

### डॉ. मुखर्जी के संघर्ष व आदर्श हमेशा रहेंगे याद

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा और देश जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संघर्षों व आदर्शों को हमेशा याद रखेगा। महापुरूषों और उनके संघर्षों व आदर्शों को याद करने से जीवन में नैतिकता व संघर्ष बना रहता है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ देश और समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहे। डॉ. मुखर्जी और पं. दीनदयाल के त्याग, तपस्या और बलिदान से ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सका है।

## कभी सामने नहीं आया, पर्दे के पीछे रह कर किया काम

# हेमंत ने फिर कहा, नहीं बर्दाश्त की जाएगी अनुशासनहीनता




विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने एक बार फिर कहा कि पार्टी में कोई भी अनुशासन के खिलाफ गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा एक अनुशासित दल है। पार्टी में कोई भी हो, अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को सम्मान और प्रेम मिलना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गृह नगर बैतूल पहुंचे खंडेलवाल विजय भवन भाजपा कार्यालय में हुए सम्मान समारोह में बोल रहे थे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। भोपाल में में भी उन्होंने कहा था कि समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलेगा।

## पौधरोपण के बाद रक्तदान शिविर में भी पहुंचे

# केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किया अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को गंजबासौदा में वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद् स्व. अनिल यादव की स्मृति में नवनिर्मित पत्रकार भवन का लोकार्पण एवं उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

उन्होंने बरगद के पौधे का भी रोपण किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने इस दौरान अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय मंत्री चौहान ने पत्रकार भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल यादव के संस्मरणों को याद किया। उन्होंने कहा कि उन्हीं की स्मृति में आज सभी के सहयोग से यह आलीशान पत्रकार भवन बनकर तैयार हुआ है। स्व.अनिल का स्वप्न आज पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अनिल यादव से उनका जुड़ाव छात्र राजनीति के दौरान हुआ था वह उनके बेहद करीब थे। उन्होंने स्वर्गीय अनिल यादव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने राजनीति के ऊपर पत्रकारिता को स्थान दिया। वह विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते थे पर्यावरण,नदियों, खेत इत्यादि की चिंता कर उन्होंने इन सभी का संरक्षण करने का बीड़ा उठाया था।

## इंदौर के परदेशीपुरा थाने में युवक ने दिया आवेदन

# विधायक निर्मला सप्रे पर युवक को अपशब्द कहने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर जिले की बीना विधानसभा से विधायक निर्मला सप्रे पर गो-भूमि की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत होने पर गाली-गलौच करने और धमकाने के आरोप लगे हैं। सागर के खिमलासा निवासी गो-सेवक हरकिशन सेन की ओर से इंदौर के परदेशीपुरा थाना में इस संबंध में एक लिखित शिकायत दी गई है।

उसने एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है, जिसमें एक महिला द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस ऑडियो को कथित तौर पर बीना विधायक का बताया जा रहा है। हालांकि हरिभूमि इस ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

### यह है मामला

*इंदौर में रहने वाले युवक हरकिशन सेन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह पिछले 7-8 साल से इंदौर में अपने जीजा के पार्लर में काम कर रहे हैं और अपने गांव खिमलासा और आसपास के गांवों की गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई बार जनसुनवाई में भी इसकी शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने हाल ही में फेसबुक पर इसी संबंध में एक पोस्ट किया था, जिसके बाद उनके पास 4 जुलाई को दोपहर में विधायक निर्मला सप्रे का कॉल आया।*

### छह एसआई, आठ एएसआई, हेड कांस्टेबल सहित 50 पुलिसकर्मियों के थानों में बदलाव

**भोपाल।** छह एसआई, आठ एएसआई, हेड कांस्टेबल सहित पचास पुलिसकर्मियों के थानों में बदलाव किया गया है। उक्त बदलाव पुलिस आयुक्त मुख्यालय द्वारा किया गया। आदेश के अनुसार एसआई मिथलेश भारद्वाज को कमला नगर से पिपलानी थाने भेजा गया। एसआई सुरेश कुमार पांडे रातीबड़ से श्यामला हिल्स, एसआई महेश गौतम महिला थाने से अजाक, एसआई कृष्ण प्रताप सिंह चौहान पिपलानी से अशोका गार्डन थाने भेजे गए। एसआई मनोज कुमार शाह अजाक से चूनाभट्टी थाने, एसआई लोकपाल सिंह अशोका गार्डन से पिपलानी थाने भेजे गए। इसी प्रकार आठ एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षकों के थानों में भी बदलाव किया गया है।

## पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों से डॉ.यादव ने चर्चा की

# दुग्ध नेटवर्क से जुड़ेंगे प्रदेश के 50 प्रतिशत ग्राम : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों को दुग्ध नेटवर्क में लाने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। नई 381 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन कर 9500 दुग्ध उत्पादकों को सहकारी डेयरी प्रणाली से जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री ने यह बात पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश के लिए डेयरी विकास योजना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक संशोधन कर अधिक लाभकारी बनाने के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में राज्य में दुग्ध उत्पादन की 72 प्रतिशत संभावित क्षमता को कवर करने और बाजार पहुंच को 15प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



**दुग्ध मूल्यों में प्रति लीटर मूल्य वृद्धि**

दुग्ध संघों में दुग्ध मूल्यों में ढाई रुपए से लेकर छह रुपए तक प्रति लीटर वृद्धि का कार्य किया है। प्रदेश में दो दुग्ध संघों जबलपुर और ग्वालियर में दुग्ध संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जबलपुर और ग्वालियर दुग्ध संघ को दुग्ध उत्पादकों के लंबित भुगतान के लिए दो-दो करोड़ रुपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध करवाई गई है।

### सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए

सीएम ने बैठक में दुग्ध संग्रहण बढ़ाने, दुधारू पशुओं की नस्ल सुधार, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से देशी नस्ल के पशुओं के लिए मॉडल फार्म विकसित करने, सांची ब्रांड की लोकप्रियता बढ़ाने, भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत हीफर रियरिंग सेंटर की स्थापना, दुग्ध उत्पादक किसानों को खरीदे गए दूध का समय पर भुगतान, डिजिटाइजेशन वर्क की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश के दुग्ध संघों में न सिर्फ दुग्ध संग्रहण बढ़ रहा है, बल्कि किसानों और दुग्ध उत्पादकों का हित भी सुनिश्चित हो रहा है।


## प्रदेश अध्यक्ष पटवारी पर एफआईआर का विरोध

# कल अशोक नगर में सामूहिक रूप से गिरफ्तारी देंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ हुई एफआईआर के चलते 8 जुलाई को पूरी कांग्रेस अशोक नगर थाने में गिरफ्तारी देगी।

रविवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा कि अशोकनगर जिला प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दमनात्मक तरीके अपना रहा है। कार्यकर्ताओं के लिए होटल, रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस तक उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। यहां तक कि लगभग 1000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जिस



अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया है, वह किसी संकटकालीन स्थिति में लागू होता है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता तो खुद पुलिस का सहयोग कर रहे हैं और गिरफ्तारी देने को तैयार हैं। दरअसल, अशोकनगर जिले के निवासी गजराज लोधी ने भाजपा के एक कार्यकर्ता पर मारपीट करने और मल खिलाने का आरोप लगाया था। जब 25 जून को जीतू पटवारी ओरछा दौरे पर थे, तब युवक ने उनसे शिकायत की थी।

वेटिंग रूम निजी हाथों को सौंपे जा रहे

# प्लेटफॉर्म के वेटिंग रूम में 1 घंटा बैठने के लगेंगे 10

बच्चा यात्री के लिए लगेंगे 5 रुपए, 15 जुलाई से नई व्यवस्था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल के इस बड़े फैसले से यात्रियों की जेब पहले के मुकाबले और ढीली होगी। ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंचने पर अब वेटिंग कक्ष में बैठने के लिए आपको व्यवस्थापक को 10 रुपए देने होंगे। इसके पीछे कारण वेटिंग रुम की व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपे जाने को बताया जा रहा है। एक घंटे के लिए 10 रुपए देना होगा। वहीं, यात्री बच्चा है तो पांच रुपए लिए जाएंगे। नई व्यवस्था 15 जुलाई से लागू होगी। इससे पहले कोलकाता व रामपुर हाट के अलावा हावड़ा रेल मंडल में यह व्यवस्था पहले से है। अब मालदा रेल मंडल के भागलपुर, सुल्तानगंज व जमालपुर में यह व्यवस्था लागू करने जा रहा है। मालदा रेल मंडल के वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंजन ने बताया कि एक ग्रेड स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाई गई है। प्रतीक्षालय में चाय-कापी, पेयपदार्थ, समोसा जैसे खानपान का सामान प्रिंट रेट पर उपलब्ध होगा।

# विदेश में भी दिखी फैंस की दीवानगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं।




लाइफ Style

# तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।





# रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।

## पेज एक का शेष....

### लुधियाना में वर्ष....

हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री लुधियाना स्थित वर्धमान टैक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। ये यात्रा उत्पादन प्रक्रियाओं, तकनीकी दक्षता और प्रबंधन प्रणाली की समझ को गहरा करने के साथ-साथ इन समूहों के साथ संभावित निवेश के बिंदुओं पर चर्चा का अवसर भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री उद्योगों की कार्य संस्कृति और नवाचार क्षमताओं को जानने के साथ मध्यप्रदेश में व्यवहारिक सहयोग के रास्ते भी तलाशेंगे।

### आर्थिक प्रगति देश ...

जितना अधिक होगा, देश उतना ही असमान होगा। भारत मध्यम रूप से कम असमानता श्रेणी में आता है, जिसमें 25 से 30 के बीच गिनी स्कोर शामिल है, और यह कम असमानता समूह में शामिल होने से बस थोड़ा सा दूर है। भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डेटा जारी किया है।

### केवल 30 देश ....

हुआ है। इस मानक के अनुसार भारत ने चीन (35.7), अमेरिका (41.8) सहित सभी जी7 और जी 20 देशों को पीछे छोड़ दिया है।

### गरीबी दर घटकर ....

है। मार्च 2023 तक डीबीटी के जरिए सरकार ने करीब 3.48 लाख करोड़ की बचत की है। आयुष्मान भारत योजना, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच। इसके तहत 5 लाख रुपए तक की स्वास्थ्य बीमा सुविधा दी जा रही है और अब तक 41.34 करोड़ से अधिक कार्ड जारी किए जा चुके हैं। स्टैंड-अप इंडिया, इसका उद्देश्य है समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देना। 3 जुलाई, 2025 तक, 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी कुल निधि 62,807.46 करोड़ है। यह पहल वंचित समुदायों के व्यक्तियों को अपनी शर्तों पर आर्थिक विकास में भाग लेने का अधिकार देती है। पीएम विश्वकर्मा योजना, पारंपरिक कारीगर और शिल्पकार भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक ताने-बाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, खाद्य सुरक्षा सामाजिक सुरक्षा का एक स्तंभ बनी हुई है। दिसंबर 2024 तक, यह योजना 80.67 करोड़ लाभार्थियों तक पहुंच चुकी है।

### मंडलोई बने सीएम के...

रहेगा। डॉ. राजौरा के पास पहले भी यही विभाग थे। राज्य शासन से जारी आदेश के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को अब नगरीय विकास एवं आवास विभाग में भेजा गया है। उनके पास एसीएस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार रहेगा। इसी तरह एसीएस नगरीय प्रशासन विभाग संजय कुमार शुक्ला को अब सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) में पदस्थ किया गया है। उन्हें एसीएस जीएडी तथा एसीएस विधि एवं सतर्कता प्रकोष्ठ एवं एसीएस समन्वय मुख्य सचिव कार्यालय तथा एसीएस योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा एसीएस विमानन विभाग तथा अध्यक्ष कर्मचारी चयन मंडल (अतिरिक्त प्रभार) सौंपा गया है।

### डीपी आहूजा को...

राज्य शासन ने वित्त निगम की एमडी श्रीमती राखी सहाय को सचिव लोक सेवा आयोग पदस्थ किया है। वर्ष 2014 बैच की आईएएस सुश्री तन्वी हुड्डा को अपर आयुक्त (वाणिज्यिक कर) इंदौर को अपने वर्तमान कर्तव्य के साथ अस्थाई रूप से प्रबंध संचालक मप्र वित्त निगम इंदौर का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है।

### बेकाबू भीड़ ने....

लोगों के खिलाफ शिकायत भी दर्ज की गई है। शनिवार देर रात इमामबाड़े से मोहर्रम का जुलूस निकला था। जुलुश में मोहर्रम के घोड़े को निर्धारित मार्ग खजूरवाली मस्जिद से निकास चौराहा पर जाना था।

लेकिन, जुलूस में शामिल लोग बैरिकेट तोड़कर इसे अब्दालपुरा की ओर ले जाने का प्रयास करने लगे। पुलिस द्वारा रोकने पर नहीं रुके तो मजबूरन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बल का इस्तेमाल करना पड़ा। इस घटना में पुलिस के दो से तीन जवान भी घायल हुए हैं। मामले को लेकर उज्जैन पुलिस अधीक्षक ने आयोजक सहित कुछ लोगों के खिलाफ लोक सेवक का काम रोकने सहित चार धाराओं में मामला दर्ज किया है। इनके ऊपर बीएनएस की धारा 191, 192, 132 और 128 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच वीडियो और सीसीटीवी के आधार पर जांच की जा रही है। मोहर्रम जुलूस की सुरक्षा के लिए 650 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इसके अलावा ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही थी। जुलूस के लिए पिछले 10 दिन से आयोजकों के साथ कंट्रोल रूम और थाना स्तर पर बैठक की गई थी। सभी को निर्धारित रूट पर जाने के लिए पाबंद किया था। लेकिन, फिर भी इस तरह की घटना सामने आई है।

### बर्मिंघम में पहली ....

एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर जीत हासिल की है। भारतीय टीम को शुभमन गिल की कप्तानी में पहली जीत मिली। इंग्लैंड की टीम इस जीत के बाद आत्मविश्वास से लबरेज थी। उसने पाटा विकेट पर एक बार फिर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और अतिआत्मविश्वास का शिकार हो गई। भारत ने कप्तान शुभमन गिल के दोहरे शतक की मदद से 587 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज और आकाशदीप की शानदार गेंदबाजी के बदौलत इंग्लैंड को 407 रन पर आउट करके 180 रन की बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरी पारी में शुभमग गिल की शतक की मदद से 6 विकेट पर 427 रन बनाकर पारी घोषित की। भारत ने इंग्लैंड को 608 का लक्ष्य दिया। एक बार फिर आकाशदीप ने कहर बरपाया। इंग्लैंड को रन से हार का सामना करना पड़ा।

### जनरल बोगी में...

बात करते हुए कही। हालांकि, इस दौरान शिवराज ने जनरल बोगी में सफर कर रहे यात्रियों से उनकी तकलीफ जानी। जिसका वीडिया सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। चौहान ने कहा कि जनता का हर प्रतिनिधि सामान्य होना चाहिए। शिवराज ने कहा कि हम खास नहीं, आम हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता के बीच जाकर ही उनकी कठिनाइयों और तकलीफों का अहसास होता है। सिंह ने कहा कि जैसा कि अभी हमने जनरल कोच में देखा, मैं वहां बैठना चाहता था, लेकिन वहां जगह ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि सबके बीच जब हम गए तो जनरल कोच खचाखच भरा हुआ है, कुछ लोग खड़े भी हैं।
इससे उस तकलीफ का भी अहसास होता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसको देखकर मुझे लगता है कि ट्रेन में जनरल डिब्बों की और जरूरत है। उन्होंने कहा कि दूसरा यह है कि आम जनता के बीच जाकर पब्लिक की चीजें पता चलती हैं। इसलिए मुझे लगा कि मैं सभी भाई-बहनों के बीच जाऊं, जो ट्रेन से सफर कर रहे हैं। यह उनको समझने का और समझकर उनकी सेवा करने का एक प्रयास है।

### भाजपा के राष्ट्रीय ....

कार्यकाल फिर से बढ़ा दिया गया है, जिससे उन्हें फिलहाल पद पर बने रहने की अनुमति मिल गई है। भाजपा ने अब तक 26 राज्यों के लिए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है, जिससे नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। संभवतः 10 तारीख तक इस बारे में कोई फैसला हो सकता है। इस पद के लिए जिन नामों पर विचार किया जा रहा है, उनमें शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, सुनील बंसल, विनोद तावड़े और धर्मेंद्र प्रधान सहित पार्टी के कई नेता और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं।

भाजपा अपना अगला अध्यक्ष चुनते समय तीन प्रमुख कारकों पर विचार कर रही है- संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन और जातिगत समीकरण। पार्टी जल्द ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति का गठन कर सकती है। यह समिति नामांकन, जांच और मतदान का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेगी, वह भी जरूरत पड़ने पर।

### जबलपुर में बरगी ...

कार बह गई। स्थानीय लोगों ने पानी में कूद कर कार सवारों की जान बचाई। कटनी में नदी-नाले उफान पर हैं। उमरिया से संपर्क टूट गया है। मंडला और डिंडौरी जिलों में हो रही तेज बारिश के चलते इन दिनों नर्मदा नदी उफान पर है।

उमरिया में जोहिला डैम का एक गेट खोला गया है। जबलपुर में लगातार हो रही बारिश के चलते 7-8 जुलाई को जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश रहेगा। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने इसके आदेश जारी कर दिए। कटनी में साउथ रेलवे स्टेशन के रास्ते पर तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। आर्डिनेंस फैक्ट्रीकर्मियों को लंबा फेरा लगाना पड़ रहा है।

### मड़ीखेड़ा और मोहिनी ....

गया है। सेवढ़ा-भिंड मार्ग पूरी तरह ठप हो गया है। भिंड, सेवढ़ा और आसपास के दर्जनों गांवों का आपसी संपर्क टूट गया है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

नाम परिवर्तन
मैं सुरेश कुमार भाटी चौहान पुत्र श्री भेरुलाल भाटी चौहान निवासी 160, धोरी खदान बैरागढ़ चीचली भोपाल घोषणा करता हूँ कि पूर्व में मेरा नाम सुरेश भाटी चौहान था जिसे मेने बदलकर सुरेश कुमार भाटी चौहान कर लिया है आगे से भविष्य में मुझे सुरेश कुमार भाटी चौहान के नाम से जाना व पहचाना जाएं
सुरेश कुमार भाटी चौहान पुत्र श्री भेरुलाल भाटी चौहान
पता- 160 धोरी खदान बैरागढ़ चीचली कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्स) 12X4cm
अन्य साईज में
@ Rs.40sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 23/06/25 to 18/08/25 not 22,29/06/25= 06,10,13,20,27/07/25 =03,09,10,15,16,17,18/08/25

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
*DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23
UG COURSE
B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE
M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com : Accounts & Management B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** – घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** – पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** – परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** – परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** – वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5920



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

बैंगलोर

### शब्द पहेली -5919 का हल



## सूडोकू नवताल - 5930

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5929 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता बना रही दुनिया के सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता दुनिया के कुछ सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त बना रही है। सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनाना है। यह बात देवनहल्ली में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरे के दरमियान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कही। उन्होंने देश में फ्रांसीसी प्रमुख सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ज्वाइंट इनिशिएटिव की सराहना की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है।

कि भारत में विभिन्न ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के माध्यम से पहले से ही बहुत सारे डिजाइन और इनोवेशन हो रहे हैं, हमारा लक्ष्य अब न केवल डिजाइन और इनोवेशन करना है, बल्कि यहां पेटेंट और उत्पादन करना भी है, जिससे भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बन सके। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहाकि एसईजेड में संचालित कई इकाइयों की लीडरशीप के साथ भी बातचीत की और नीति निर्माण प्रक्रिया को मजबूत करने में मदद करने के लिए उनकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया और सुझाव लिए।

आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनेगा: पीयूष




## यह समझौता सरकार की "मेक इन इंडिया" नीति का भी करता है समर्थन

एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहाकि हमें सफ्रान के साथ इस दीर्घकालिक साझेदारी का विस्तार करने और एलईएपी कार्यक्रम के लिए इनकोनेल भागों के लिए फोर्जिंग प्रक्रियाओं में अपनी औद्योगिक विशेषज्ञता विकसित करने पर वास्तव में गर्व है। फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन भारत में अपनी क्षमताओं और उपस्थिति को बढ़ा रहा है। कंपनी पहले से ही हैदराबाद, बेंगलुरु और गोवा में पांच प्रोडक्शन साइट्स का संचालन करती है।

### एचएएल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर

पिछले महीने, पेरिस एयर शो के 55वें संस्करण में, विमान इंजन के डिजाइन, विकास और उत्पादन में दुनिया की अग्रणी फ्रांसीसी इंजन निर्माता कंपनी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन ने एलईएपी इंजन के रेटेटिंग पार्ट्स के उत्पादन के लिए भारत की अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी एचएएल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## खबर संक्षेप

### एशियन पेंट्स पेश करेगा एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक

**नई दिल्ली।** पेंट्स और डेकोर में अग्रणी एशियन पेंट्स ने नवीनतम इनोवेशन लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है। यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है। एशियन पेंट्स ने पिछले आठ दशकों में न केवल रंगों में, बल्कि तकनीक, सौंदर्य और प्रदर्शन के क्षेत्र में लगातार नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

### स्मार्टन पावर का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** स्मार्टन पावर सिस्टम लिमिटेड का इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग सोमवार 7 जुलाई को खोलेगी। कंपनी का लक्ष्य 50 करोड़ जुटाना है और इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू बुधवार 9 जुलाई 2025 को बंद होगा। इश्यू साइज 50,00,400 इक्विटी शेयरों का होगा, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए और आईपीओ प्राइस100 प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग बैटरी निर्माण यूनिट की उत्पादन लाइन की चल संपत्तियां खरीदने में करेंगी।

### एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड लांच

**मुंबई ।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपनी नई थीमैटिक पेशकश एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड को लांच करने की घोषणा की है। इस फंड का नया फंड ऑफर 4 जुलाई 2025 से खुलकर 18 जुलाई 2025 तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा। एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड का उद्देश्य निवेशकों को उन कंपनियों के चुनींदा पोर्टफोलियो तक पहुंच इस फंड का प्रबंधन श्रेयश देवलकर , सचिन रेलेकर और कृष्णा नारायण (विदेशी निवेश के लिए) द्वारा किया जाएगा।

### ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे किया आमंत्रित

**मुंबई।** अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया। प्राइम डे 2025 पर आयोजित इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में 600 से अधिक ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस इवेंट बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट लांच की झलक भी देखी।

### सेव अर्थ मिशन का वैश्विक विजन अनावरण

**अहमदाबाद।** सेव अर्थ मिशन ने अपने ग्लोबल विजन अभियान का औपचारिक अनावरण किया। इस विज़न का केंद्र बिंदु है अगस्त 2025 से शुरू होने वाला 60+ देशों में एक साथ चलाया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान। सेव अर्थ मिशन के प्रमुख 'ग्लोबल विज़न अनवीलिंग' कार्यक्रम के दौरान साझा किया गया। जहां वैश्विक जलवायु नेता, सरकारी प्रतिनिधि, छात्र, नवप्रवर्तक और पर्यावरणविद एकत्र हुए। अभियान का उद्देश्य है करोड़ों लोगों को तत्काल जलवायु कार्रवाई के लिए एकजुट करना।

## मप्र सहित भारतभर में जीएसटी अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर

# व्यापारियों का सुझाव : पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में शामिल करें , टैक्स स्लैब को घटाएं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद से ट्रांसपोर्टरों संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है कि पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के तहत लाकर इसके आधार को व्यापक बनाना चाहिए। व्यापारियों ने कहाकि जीएसटी अनुपालन को सरल बनाना चाहिए, कर स्लैब को घटाकर तीन करना चाहिए।

भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि जीएसटी ने लगभग 17 स्थानीय करों और 13 उपकरों को पांच-स्तरीय ढांचे में समाहित कर दिया था, जिससे कर व्यवस्था सरल हो गई। मध्यप्रदेश सहित भारत में जीएसटी अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के उभरते परिदृश्य के साथ ही विनिर्माण और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) क्षेत्रों में निवेश जुटाने के लिए एक ऐसे जीएसटी ढांचे की जरूरत है, जो चुस्त, निवेशक-अनुकूल और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी हो।




### पेट्रोलियम पदार्थों को इसके दायरे में लाना चाहिए

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के 8 साल पूरे हो गए। इनडायरेक्ट टैक्स में इस सबसे बड़े सुधार से सरकार का टैक्स कलेक्शन तो बढ़ा ही, बिजनेस को भी आसानी हुई। अतःअब जीएसटी का कंप्लायंस आसान बनाने और पेट्रोलियम पदार्थों को इसके दायरे में लाना चाहिए।

### कर निश्चितता में सुधार से होगा अनुपालन सरल

*मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 और भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहाकि इस समय जीएसटी एक चार स्तरीय कर संरचना है, जिसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब हैं। विलासिता और अवगुण से जुड़ी वस्तुओं पर 28 प्रतिशत का सबसे अधिक कर लगता है। पैक किए गए खाद्य उत्पादों और आवश्यक वस्तुओं पर सबसे कम पांच प्रतिशत जीएसटी लागू है। पीडब्ल्यूसी ने कहा कि तीन स्तरीय दर संरचना से व्याख्या संबंधी विवाद कम होंगे, कर निश्चितता में सुधार होगा और अनुपालन सरल होगा।*

### वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक

मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहाकि जीएसटी लागू करते समय इसमें 17 तरह के टैक्स और 13 सेस को शामिल किया गया था। पिछले 5 वर्षों के दौरान सरकार का औसत जीएसटी कलेक्शन 90000 करोड़ रुपए से बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह हो गया है। अप्रैल 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ। 2020-21 में यह रकम 11.37 लाख करोड़ रुपए थी। पिछले वर्ष से तुलना करें तो जीएसटी कलेक्शन में 9.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष औसत मासिक कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपए था जो इस वर्ष बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपए हो गया। बीते 8 वर्षों में जीएसटी में रजिस्टर्ड टैक्सपेयर की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हुई है। अतः मध्यप्रदेश सहित भारत में जीएसटी अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक है। इसलिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद को चाहिए कि पेट्रोल उत्पादों को जीएसटी में शामिल करें।

# यूनियन बैंक ने प्राप्त किया ईज 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईज 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बैंक ईज 7.0 सुधार एजेंडा विकसित भारत की ओर बैंकिंग, प्रभावी जोखिम/धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली, उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास के तीन विषयों में शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में से एक है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव, एम.नागराजू द्वारा मुंबई में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित प्रशस्ति समारोह में बैंक को सम्मानित किया गया। बेहतर पहुंच और सेवा उत्कृष्टता (ईज़) पीएसबी सुधार एजेंडा के भाग के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग की एक पहल है। ईज 7.0 की प्रमुख प्राथमिकताएं विकसित भारत की ओर बैंकिंग, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता, नए युग की तकनीक और अन्य उन्नत क्षमताओं को अपनाना, प्रभावी जोखिम,धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली तथा उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास करना थी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को सुधार उपायों और पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में ईज सुधार सूचकांक में लगातार शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में पुरस्कृत किया गया है।

सीमेंट कंपनियों पर सीसीआई की बड़ी कार्रवाई

# अट्राटेक, डालमिया भारत और श्री दिग्विजय सीमेंट पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई ) ने सीमेंट कंपनियों अट्राटेक, डालमिया भारत और श्री दिग्विजय सीमेंट पर शिकंजा कसते हुए उन्हें अपने विस्तृत वित्तीय दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है।

आदेश के मुताबिक कंपनियों को आठ हफ्ते के भीतर अपनी ऑडिटेड बैलेंस शीट, प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट और आयकर रिकॉर्ड जमा करने होंगे। यह कार्रवाई ओएजीसी द्वारा सीमेंट टेंडरों में कार्टेल बनाने की शिकायत के बाद हुई है। सीसीआई ने 18 नवंबर 2020 को इस मामले की जांच के लिए अपने महानिदेशक को निर्देश दिए थे। जांच रिपोर्ट 18 फरवरी 2025 को सौंपी गई, जिसमें प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई। डीजी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अट्राटेक की सब्सिडियरी इंडिया सीमेंट्स, डालमिया भारत और श्री दिग्विजय सीमेंट ने उमाकांत अग्रवाल नामक बिचौलिए के साथ मिलकर ओएनजीसी की निविदाओं में एंटी-कॉम्पिटिटिव सांठगांठ की।

## शहरी विकास विभाग और क्रेडाई के बीच चर्चा

# गरीब और मध्यम आय वर्ग के आवासों के लिए निजी क्षेत्र को करें प्रोत्साहित

***अब रियल एस्टेट पारंपरिक मॉडल से बढकर टेक्नोलॉजी इनेबल्ड, क्लाइमेट रेसिलिएंट और सोशल-इंक्लूसिव अर्बन स्पेस की ओर बढ़ रहा: मीक***

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




अब रियल एस्टेट पारंपरिक मॉडल से बढ़कर टेक्नोलॉजी इनेबल्ड, क्लाइमेट रेसिलिएंट और सोशल-इंक्लूसिव अर्बन स्पेस की ओर बढ़ रहा है। निम्न और मध्यम आय वर्ग के आवासों के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपाय किए जा सकते हैं, जिनमें कर प्रोत्साहन, ब्याज सबवेंशन, भूमि उपलब्धता और नियामक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना शामिल है।

यह सुझाव क्रेडाई भोपाल ने ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 बिल्डिंग सिटीज ऑफ टुमॉरो की तैयारी के तहत शहरी विकास एवं आवास विभाग और पदाधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक में दिए। बैठक में इंदौर में 11 जुलाई को होने वाले मुख्य आयोजन के लिए क्रियान्वयन रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में शहरी विकास विभाग से अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय शुक्ला, नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे, अतिरिक्त आयुक्त केएल मीना, टाउन प्लानिंग निदेशक श्रीकांत भानोत, हाउसिंग बोर्ड आयुक्त, जीएम मेट्रो रेल, वरिष्ठ नगर नियोजक अमित गजभिए और विष्णु खरे, सुनील गुप्ता, संजीव ठाकुर, प्रितपाल बिंद्रा, विपिन गोयल, अजय मोहगांवकर, जबलपुर से धीरज खरे, दीपक अग्रवाल, उज्जैन से महेश पर्यानी ,अंशुल गिरिया सहित लोग उपस्थित रहे।

इस मौके पर क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि राज्य के महानगरों को झुग्गी मुक्त करने के लिए अफोर्डेबल हाउसिंग में निजी भागीदारी जरूरी है। 3000 से 15,000 ईएमआई वहन करने वाले निम्न और मध्यम आय वर्ग के आवासों के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन किया जाए। उन्होंने रिडेवलपमेंट स्कीम में निजी डेवलपर्स की सहभागिता और आवश्यक नीतिगत सुधार पर जोर दिया। इस मौके पर उच्च अधिकारियों द्वारा क्रेडाई के सभी सुझावों पर गंभीर विचार कर समाधान का आश्वासन दिया गया।

# टाटा मोटर्स ने शुरू किया नई हैरियर ईवी का उत्पादन, डिलीवरी इसी माह से शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की प्रमुख एसयूवी निर्माता टाटा मोटर्स ने भारत की सबसे ताकतवर और स्मार्ट एसयूवी हैरियर.ईवी का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह गाड़ी पूरे गर्व के साथ टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक पुणे प्लांट की उत्पादन लाइन से बाहर निकली, जिसने इसका शानदार डेब्यू किया।

तेज बुकिंग और जबरदस्त बाजार प्रतिक्रिया के साथ हैरियर.ईवी अब देशभर के डीलरशिप पर पहुंचने को तैयार है और इसकी कस्टमर डिलीवरी जुलाई 2025 से शुरू होगी। हैरियर.ईवी दो ड्राइव कॉन्फिगरेशन में उपलब्ध होगी , क्वाड व्हील ड्राइव और रियर व्हील ड्राइव । यह चार आकर्षक रंगों में आएगी: नैनीताल नॉकटर्न, एम्पावर्ड ऑक्साइड, प्रिस्टिन व्हाइट और प्योर ग्रे। यह एसयूवी एक नए युग की शुरुआत करती है, जो दमदार प्रदर्शन और कई सेगमेंट-फर्स्ट व वर्ल्ड-फर्स्ट फीचर्स से लैस है।

### दो नए आर स्टोर खोलने के साथ रेनो ने मप्र में किया प्रवेश



*कार निर्माता रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी रेनो इंडिया ने इंदौर एवं सागर में दो नए आर स्टोर खोलने की घोषणा की है। इस लांच के साथ ब्रांड ने मध्य प्रदेश में अपनी नई रीटेल पहचान की शुरूआत की है। उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए रेनो इंडिया की ब्राण्ड एक्सपीरिएंस एवं ट्रांसफोर्मेशन स्ट्रैटेजी के तहत डिजाइन इनोवेशन, डिजिटल इंटीग्रेशन एवं उपभोक्ता-उन्मुख सर्विस के संयोजन के साथ यह रोलआउट किया गया है। इस अवसर पर फ्रांसिस्को हिडाल्गो, वाईस प्रेसीडेंट ने कहाकि मध्य प्रदेश अब हमारे नए आर स्टोर मैप पर आ गया है, ऐसे में हम देशभर में भविष्य के अनुकूल रीटेल सिस्टम बनाने की दिशा में और आगे बढ़ गए हैं। हम उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने तथा ऑटोमोटिव रीटेल में नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। जल्द ही हमने भारत में 2 और नए आर स्टोर खोलने की योजना बनाई है।*

### महिंद्रा की बीई 6 और एक्सईवी 9ई की पैक टू डिलीवरी जुलाई के अंत से



*मुंबई। देशभर में हर 10 मिनट में एक महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी बिक रही है। इस शानदार रफ्तार को जारी रखते हुए महिंद्रा अपनी दमदार बीई 6 और एक्सईवी 9ई इलेक्ट्रिक एसयूवी के पैक टू मॉडल की डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू कर रही है। इनकी आकर्षक शुरुआती कीमत 21.90 लाख है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए पैक टू में अब 59किलो वाट हार्स पावर बैटरी विकल्प के साथ एक नया 79 केवीएच बैटरी विकल्प भी मिलेगा। इससे ये गाड़ियां शहर में असल में क्रमशः 500 किलोमीटर और 400 किलोमीटर तक चल पाएंगी।*

## बिजनेस न्यूज

### भाभा कॉलेज में रेकी हीलिंग और स्वास्थ्य पर सेमीनार आयोजित



**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी के भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस में रेकी हीलिंग और उसके स्वास्थ्य में विविध लाभ पर एक सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सुशील एवं प्रशांत को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम को विश्व विद्यालय के भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस के अधिष्ठाता डॉ.उन्नति पितले के निर्देश से हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी विजय कुमार पुंज की उपस्थिति में सभी का स्वागत कर आभार प्रदर्शन किया एवं विद्यार्थियों को इस विषय का महत्व जानने के लिए प्रेरित किया। अतिथि वक्ता ने इस तकनीक का विस्तृत अनुप्रयोग हर तरह से स्वास्थ्य में सुधार और बेहतर बनाने सेअपनी फिजिकल, मेंटल और स्प्रिचुअल विकास में किस तरह से उपयोग में लाई जाए उसकी जानकारी दी, उन्होंने इसका प्रयोग एक विद्यार्थी पर भी कर दिखाया। ये तकनीक बड़ी बीमारियों में बहुत ही कारगर है जो विश्व प्रसिद्ध है। विजय कुमार पुंज ने भी इस विषय पर विचार व्यक्त किए। अंत में विद्यार्थीयो ने आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया।

### सेंट्रल बैंक ने रिटायर्ड स्टाफ पेंशनर्स को पहचान पत्र दिए



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक रिटायर्ड एम्पलाईज एसोसिएशन भोपाल के क्षेत्र प्रमुख संजीव कुमार ने आयोजित वार्षिक बैठक में 55 पेंशनर्स अधिकारियों-कर्मचारियों को आईकार्ड (पेंशनर पहचान पत्र) प्रदान किए। बैठक में संगठन के प्रेसिडेंट श्याम कस्तूरे ने बैंकिंग इंडस्ट्री लेवल डेवलेपमेंट और पेंशनरों के हितों में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला, मुख्य अतिथि संजीव कुमार ने सभी रिटायर्ड स्टाफ को बैंक ब्रांड एंबेसडर के रूप में बैंक व्यवसाय को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारी शैलेंद्र जोशी, राजीव श्रीवास्तव ,एन के अय्यर, वीके रंगन ने भी अपने सारगर्भित विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का संचालन सुनील सोन्हिया ने एवं आभार प्रदर्शन बीडी जैन ने किया। इस अवसर पर हाल ही में रिटायर हुए स्टाफ सदस्यों का स्वागत किया गया। रीजनल सेक्रेटरी एके श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक 255 रिटायर स्टाफ सदस्यों के पहचान पत्र आ चुके हैं। बैठक में लगभग 100 रिटायर्ड स्टाफ सदस्यों ने अपनी सहभागिता की। इस अवसर पर अपोलो सेज हॉस्पिटल एवं दानिशियां डेंटल द्वारा रिटायर्ड स्टाफ के लिए हेल्थ चेकअप कैंप भी आयोजित किया गया था।

### आईसीएसआई ने बढ़ाई जीएसटी के बारे में जागरुकता




**भोपाल।** भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) भोपाल चैप्टर ने पेशेवरों में जीएसटी के बारे में जागरुकता बढ़ाना ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में दो प्रमुख फैकल्टीज सीएस अरविंद तिवारी, एक अनुभवी कंपनी सचिव जो जीएसटी में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं और सीए कार्तिक चावला, एक चार्टर्ड एकाउंटेंट, ने कराधान विशेष पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में हाल ही में हुए संशोधन, व्यावहारिक पहलू, पेशेवरों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियां और प्रभावी अनुपालन रणनीतियां शामिल थीं। दोनों शिक्षकों ने मूल्यवान दृष्टिकोण प्रदान किए, जिससे जटिल जीएसटी प्रावधानों को उपस्थित लोगों के लिए समझना सरल हो गया। कार्यक्रम को आईसीएसआई समुदाय के सदस्यों सी एस पी के राय, सी एस मनीष पाटीदार, सीएस नेहा हरचंदनी, सीएस भूपेंद्र सिंह चौहान एवम सी एस आकाश गुप्ता से अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ, जिससे यह सिद्ध हुआ कि कराधान और कानून के क्षेत्र में निरंतर शिक्षा की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है। आईसीएसआई भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष, सीएस अमन जैन ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और शिक्षकों का आभार भोपाल चैप्टर के सचिव, सीएस अंकुर चौकसे द्वारा व्यक्त किया गया, जिनके योगदान से यह सत्र समृद्ध और जानकारीपूर्ण बना।

### आधार हाउसिंग ने महिलाओं द्वारा संचालित पहली शाखा खोली



**भोपाल।** आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी पहली महिला-संचालित शाखा की शुरुआत की। यह पहल महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने और देश के आर्थिक सशक्तिकरण एजेंडे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयास भारत सरकार के उस विजन से जुड़ा है, जो वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देकर देश के हर वर्ग तक हाउसिंग फाइनेंस की पहुंच सुनिश्चित करना चाहता है। शुरू हुई यह विशेष महिला-संचालित शाखा महिलाओं के लिए घर खरीदना और आसान बनाएगी। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ ऋषि आनंद ने कहाकि यह महिला नेतृत्व मॉडल सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह संरचनात्मक बदलाव की शुरुआत है।

### एसएसआई मंत्रा ने सर्जिकल रोबोट यात्रा को दिखाई हरी झंडी




**गुरूग्राम।** सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशंस ने गुरूग्राम स्थित मुख्यालय से एसएसआई मंत्रा एम मेड इन इंडिया सर्जिकल रोबोट यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोडशो का उद्घाटन हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नारबीर सिंह ने किया। एसएसआई मंत्रा एम सर्जिकल रोबोट यात्रा के साथ भारत ने हेल्थकेयर में एक बदलावकारी यात्रा की शुरूआत की है, जिसके तहत पहली मोबाइल रोबोटिक सर्जरी ट्रेनिंग एवं डेमोन्स्ट्रेशन युनिट का अनावरण भी किया गया। यह आधुनिक टेलीसर्जरी-ऑन-व्हील्स पहल आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी एवं कौशल निर्माण के अवसरों को सीधे देश के अस्पतालों और हेल्थकेयर पेशेवरों तक लेकर आई है। डॉ.सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक चेयरमैन एवं सीईओ, एसएस इनोवेशंस ने कहाकि एसएसआई मंत्रा एम एक मोबाइल रोबोटिक ट्रेनिंग एवं डेमोन्स्ट्रेशन युनिट से कहीं बढ़कर है, यह विश्वस्तरीय सर्जिकल शिक्षा एवं इनोवेशन को सुलभ बनाने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है।

## चिंतन

# ट्रंप से अदावत में अरबपति मस्क का राजनीतिक उदय

दोस्ती की बुनियाद अगर स्वार्थ और अहं पर टिकी हो तो इसे अदावत में बदलते देर नहीं लगती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और एलॉन मस्क की दोस्ती भी कुछ ऐसी ही साबित हुई है, जो अब टकराव में बदल गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के बर्ताव व फैसले से खिन्न एलॉन मस्क सियासी पिच पर कूद गए हैं। उन्होंने अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी' की घोषणा की है। मस्क ने अपनी पार्टी के उद्देश्य को लेकर कहा है कि दो-दलीय व्यवस्था को खत्म कर जनता की आवाज़ को मजबूती देना है। अमेरिका में अरबपति व्यवसायी एलॉन मस्क का यह राजनीतिक उदय है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में जब ट्रंप अपना राजनीतिक अभियान चला रहे थे तो मशहूर एलॉन मस्क ट्रंप के सारथी की भूमिका निभा रहे थे। ट्रंप ने अपने चुनावी कैंपेन में मस्क का भरपूर सहयोग लिया, साधन से भी और धन से भी। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर मस्क को अमेरिकी सरकार में शामिल भी किया और सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना कर प्रशासनिक सुधार जैसी अहम जिम्मेदारी भी दी। मस्क की दिक्कत है कि वे एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, स्टेट्समैन नहीं हैं। इसलिए उनके लिए ट्रंप के सभी फैसलों को राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में समझना आसान नहीं है। ट्रंप के महत्वाकांक्षी बिग ब्यूटीफुल बिल पर मस्क इतने खफा हुए कि वे ट्रंप सरकार से बाहर हो गए। बहरहाल, मस्क ने नई पार्टी बना कर अमेरिकी राजनीति में एक नए विकल्प का द्वार खोल दिया है। सवाल यह भी है कि दो दलीय अमेरिकी राजनीति में क्या किसी तीसरे दल की स्वीकार्यता होगी? अमेरिका के संविधान के अनुच्छेद II, खंड 1 के मुताबिक, अमेरिका में जन्म लेने वाले नागरिक ही अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। मस्क ने खुद सार्वजनिक रूप से बयां की है कि उनका जन्म अमेरिका में नहीं, वरन दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। इस नियम के अनुसार वे खुद राष्ट्रपति तो नहीं बन सकते हैं, जब तक कि संविधान में संशोधन कर इस प्रावधान में बदलाव न किया जाए। मस्क अपनी किसी पत्नी या संतान या अपने किसी चहेते को राष्ट्रपति बनवा सकते हैं और वे अपनी पार्टी के जरिये ट्रंप की पार्टी की राह जरूर मुश्किल कर सकते हैं। ट्रंप मस्क को उनकी कंपनियों की सब्सिडी बंद करने व दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी भी दे चुके हैं। राजनीति की शुरुआत अगर सकारात्मक मंशा से हो तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है, लेकिन अगर शत्रुता या बदले की भावना से हो तो अच्छे परिणाम की उम्मीद कम रहती है। यूं भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में किसी तीसरे दल का भविष्य कभी लंबा नहीं रहा है। अनेक बार नई पार्टी सियासी मैदान में आई है, मगर केंद्रीय सत्ता का अंग नहीं बन सकी है। अमेरिकी जनमानस रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच ही घूमते रहे हैं। अतीत में, लिबरटेरियन, एलायंस, ग्रीन, बुल मूस, रिफॉर्म पार्टी, सोशलिस्ट, किसान-मजदूर, विस्कॉन्सिन प्रोग्रेसिव, कंज़र्वेटिव, पॉपुलिस्ट, नेचुरल लॉ, पीस एंड फ्रीडम, अमेरिकन इंडिपेंडेंट, डिक्सीक्रेट स्टेट्स राइट्स आदि पार्टियां अस्तित्व में आईं, लेकिन कोई भी पार्टी अमेरिकी राजनीति में तीसरा विकल्प नहीं बन सकी। अब मस्क ने अमेरिकी राजनीति को बदलने के वास्ते तीसरा विकल्प बनने के लिए नई पार्टी बनाई है, यह कदम ठहरी हुई अमेरिकी राजनीति में एक कंकड़ जरूर है, लेकिन इस नए दल का राजनीतिक भविष्य अभी भविष्य के गर्त में है। मध्य टर्म और वर्ष 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकन पार्टी की असली परीक्षा होगी।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय मानस पर चोट

> महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए।

इसे राजनीतिक विद्रूप ही कहेंगे कि हिंदी को राजभाषा बनाने का विचार देने वाली मराठी माटी पर ही हिंदी भाषियों को अपमानित किया जा रहा है। महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए। राजनीति की इस चक्करघिन्नी में निम्न मध्यवर्गीय या हाशिये वाला हिंदीभाषी समुदाय ही पिस रहा है। उसका अपराध यह है कि वह महाराष्ट्र में रहते हुए मराठी ना बोलकर हिंदी बोल रहा है।

हिंदी बोलने के लिए हिंदी भाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ। मनसे के कार्यकर्ता 2008-09 के दौरान तो केंद्रीय नौकरियों के लिए मुंबई में परीक्षाएं देने आए उत्तर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों को खुलेआम पिटते रहे। उस समय की राज्य सरकार ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने से बचती रही थी और आज की सरकार का भी कुछ वैसा ही रवैया है। मराठी मानुष का बोध महाराष्ट्र में इतना गहरा है कि सरकारें चाहें जिस भी दल की हो, इस मसले पर तकरीबन एक जैसा रुख अपनाने से परहेज नहीं करतीं। भारत की संपर्क भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्थापित करने का विचार देने में महाराष्ट्र की हस्तियों का बड़ा योगदान रहा है। लोकमान्य तिलक ने बंग-भंग के वक्त 1905 में वाराणसी की यात्रा की थी। वहां उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जो कहा था, उसे महाराष्ट्र की हिंदी विरोधी राजनीति को जानना चाहिए। तिलक ने कहा था, 'निःसंदेह हिंदी ही देश की संपर्क और राजभाषा हो सकती है। लोकमान्य अकेले मराठी मानुष नहीं हैं, जिन्होंने हिंदी को लेकर यह विचार दिया। 1960 से पहले आज का गुजरात राज्य भी महाराष्ट्र का ही हिस्सा था। 1880 में गुजराती कवि नर्मदाशंकर दवे उर्फ नर्मद कवि ने लोकमान्य से करीब चौथाई सदी पहले हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में आगे लाने का सुझाव दिया था। हिंदी को स्थापित करने की महात्मा गांधी की कोशिशों से भला कौन इनकार कर सकता है। 1918 में इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन को हर हिंदी प्रेमी जानता है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि गांधी जी ने 1917 में भरूच में आयोजित गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में पहली बार सार्वजनिक तौर पर हिंदी की ताकत को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, 'भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है।' हिंदी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम मानने वाले काका कालेलकर भी मराठी भाषी



ही थे। सतारा में जन्मे कालेलकर ने 1938 में कहा था, 'राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कर्म है।' रचनात्मक आंदोलनकारी और गांधी जी के शिष्य विनोबा भी ताजिंदगी हिंदी के संघर्षरत रहे। उन्होंने हर भारतीय भाषा को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए अनूठा सुझाव दिया था। उन्होंने हर भाषा से नागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया था। सिर्फ राजनीति ही नहीं, पत्रकारिता जगत की मराठी भाषी हस्तियों ने भी हिंदी को स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभाई है और साहस दिखाया है। हिंदी पत्रकारिता आज जिस मुकाम पर है, उसमें बड़ा योगदान मराठी भाषी पत्रकारों और लेखकों का भी है। माधव राव सप्रे, बाबूराव विष्णुराव पराड़कर, रामकृष्ण खाडिलकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे जैसे पत्रकारों ने हिंदी को नई शैली में गढ़ा, उसके शब्द गढ़े, और उसे ऊंचाई दी। हिंदी इन मराठी भाषी महात्मनों की शुक्रगुजार है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से निकले धर्मयुग ने दशकों तक हिंदीभाषी पाठकों के दिलों पर राज किया। ऐसे महाराष्ट्र की धरती पर अगर हिंदी बोलने वालों का अपमान होना दुखद ही कहा जाएगा। हिंदी विरोध की ग्रंथि तमिलनाडु में आजादी के पहले से ही रही है, जिसका संक्रमण कर्नाटक तक पहुंचा है। कर्नाटक रक्षण वेदिके ने 2017 में हिंदी बेड़ा अभियान यानी हिंदी विरोधी अभियान चलाया। साल 2019 में हिंदी दिवस न मनाने के लिए भी राज्य में अभियान चला। शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को बड़ा समर्थन नहीं मिला। राजनीति और मीडिया के हलकों में इसकी सुरसुरी दिखी। ऐसे आंदोलनों का असर बाद में पता चलता है। जब विरोध की वैचारिकी के असर में जमीनी स्तर की सोच बदलने लगती है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से जबरदस्ती हिंदी बोलने के लिए हुज्जत करने का दृश्य हो या फिर किसी ऑटो वाले का किसी हिंदी भाषी लड़की को थप्पड़ मारना, कर्नाटक में हिंदी विरोधी आंदोलन की जमीनी परिणति ही कहा जाएगा। निजाम का शासन कर्नाटक के उत्तरी हिस्से में रहा। दिल्ली सल्तनत के बादशाह मोहम्मद तुगलक ने 1327 ईस्वी में दिल्ली से महाराष्ट्र के दौलताबाद में अपनी राजधानी लेकर गया था, जिसे आज का महाराष्ट्र देवगिरि के नाम से जानता है। उसके साथ भी हिंदी वहां तक पहुंची थी। महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका राज्य पुनर्गठन से पहले मध्य प्रांत और बरार का हिस्सा रहा। इस वजह से विदर्भ भी मोटे तौर पर हिंदी के प्रभाव वाला राज्य है। शायद यही वजह रहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद नहीं रहा। विवाद की वजह अब मनसे और शिवसेना की राजनीति बनी है। इसका कारण नई शिक्षा नीति का वह प्रावधान है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषायों के जरिए शिक्षा देने का प्रावधान है। जब प्राथमिक स्तर पर हिंदी में पढ़ाई कराने का आदेश आया तो राज्य की राजनीति में अपनी जगह खोज रहे शिवसेना-उद्धव और मनसे को हिंदी विरोध में ही अपना भविष्य नजर आया। एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद से शिवसेना-उद्धव भी परेशान है और शिवसेना से अलग होने के बाद से मनसे प्रमुख राज ठाकरे अपना राजनीतिक वजूद की खोज में हैं। दिलचस्प यह भी है कि अतीत में सत्ता और उत्तराधिकार के चलते अलग राह चुनने वाले दोनों चचेरे भाई उद्धव और राज एक कश्ती पर सवार होने की तैयारी में हैं और उसके लिए उन्होंने हिंदी विरोध की नाव तैयार की है। हिंदी को संपर्क भाषा इसलिए स्वीकार किया गया, क्योंकि वह देश को जोड़ने की कुव्वत रखती है। जबकि आज की राजनीति अपनी स्थानीय भाषाओं के नाम पर जिस भावना को फैला रही है, उससे देश का मानस बंटेगा..मानस बंटेगा तो देश में विघटन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सकता है। राजनीति चाहे जिस पक्ष की हो, उसे इस नजरिए से हिंदी के विरोध को देखना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जाति का मुद्दा
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# सनातन की मर्यादा को तोड़ते कथावाचक विवाद

किसी भी विषय को लेकर विवादों का सिलसिला धीरे-धीरे हमारे देश में 'राष्ट्रीय हॉबी' बनता जा रहा है। कई बार ऐसा भी लगता है कि देश के कुछ मीडिया-संस्थान व कुछ 'बैठे ठाले' नेतागण, विवादों का उत्पादन करने में ही व्यस्त रहते हैं। 'विवादों' के सिलसिले धीरे-धीरे एक धंधा बनते जा रहे हैं। नया विवाद कथावाचन पर है। इन दिनों 'कथावाचन' ज्ञान-प्राप्ति का साधन मात्र नहीं रहा। कुछेक कथावाचकों का तो शुल्क ही 12 लाख से 20 लाख रुपये तक तय है। मगर इस शुल्क के साथ जाति का सवाल पहले नहीं था। चलिए थोड़ा सा कथावाचन की परंपरा पर भी दृष्टि डाल लेते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भारतीय परिवेश में महर्षि वेद व्यास पहले कथावाचक थे। उन्हें ही महाभारत और श्रीमद्भागवत का रचनाकार माना जाता है। मान्यता यही है कि संसार में सबसे पहले गणेश जी ने कथा सुनी थी और उसे लिपिबद्ध भी किया था। उन्हें ब्रह्माजी के आदेश पर महर्षि वेद व्यास ने कथा सुनाई थी। वैसे पौराणिक कला में ऋषि-मुनि अपने आश्रमों में या वनों में अपने शिष्यों को कथा सुनाते थे। तब कथा का उद्देश्य 'लोक कल्याण' होता था। उसके लिए ऋषि-मुनि कोई शुल्क भी नहीं लेते थे। अब कथावाचन 'इवेंट मैनेजमेंट' का एक विषय है। भव्य मंडप सजते हैं। कथावाचकों के शुल्क इन 'इवेंट्स' के बजट का मुख्य भाग होते हैं। इस समय पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास सबसे महंगे कथावाचक माने जाते हैं। अन्य चर्चित एवं महंगे कथावाचकों में स्वामी अवधेशानन्द जी, बागेश्वर-धाम के बाबा धीरेंद्र कुमार शास्त्री, पंडित देवकीनंदन कुमार, आचार्य अनिरुद्धाचार्य, मोरारी बापू, भोले बाबा उर्फ नारायण साकार, जया किशोरी, बाबा रामदेव, देवी चित्रलेखा, आदि का नाम शामिल है। अब थोड़ी चर्चा 'व्यास पीठ' के बारे में भी। यह पीठ उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले में नैमिषारण्य तीर्थ पर स्थित है। यहीं पर महर्षि वेद व्यास ने महाभारत की रचना की थी। वहीं व्यास को समर्पित एक मंदिर भी है। हाल ही का विवाद कथावाचकों की जाति को लेकर आरंभ हुआ है। इस समय में इटावा के कथावाचकों के मामले में उत्पन्न विवाद मीडिया में भी और राजनीतिक दलों में भी चर्चा एवं आरोपों-प्रत्यारोपों तक जा पहुंचा है। इटावा में यादव जाति से आने वाले आचार्य मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव का आरोप है कि उनके ब्राह्मण यजमान ने जाति के आधार पर उनसे मारपीट की। तब से यह बहस जारी है कि कथावाचन का अधिकार किसे है। काशी की विद्वत परिषद सरीखी संस्था का कहना है कि भागवत कथा सुनने, सुनाने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है, जबकि इन दिनों खबरों में छाए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि 'सभी जातियों को कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है मगर किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भागवत कथा सुना सकता है।' अब इस विवाद में समाजवादी पार्टी के नेतागण भी सक्रिय हो गए हैं।

राजनीति की रोटियां सेंकने की तैयारी भी पूर्ण है। कुछेक कथावाचक यादव हैं तो कुछेक दलित भी। अधिक छानबीन चली तो हो सकता है एकाध मुस्लिम भी नाम बदलकर इस सूची में शामिल दिखे। मगर यह तो तय है कि कभी कांवड़-यात्रा को लेकर तो कभी धर्म-परिवर्तन को लेकर विवादों के बवंडर उठते रहते हैं। अगले चुनावों में इनमें से कुछ कथावाचकों को चुनाव-प्रचार में उतारने की योजनाएं भी चल रही हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि कुछेक कथावाचकों को चुनावी मैदान में प्रत्याशी के रूप में भी उतार दिया जाए। वैसे यह तथ्य भी कम दिलचस्प नहीं कि कुछ कथावाचकों के अपने इलेक्ट्रॉनिक चैनल भी हैं। उन चैनलों पर कथावाचन के लिए प्रायोजक भी मिल जाते हैं और विज्ञापनदाता भी। कुछेक धार्मिक चैनलों को तो कुछ राज्य सरकारें भी संरक्षण व प्रोत्साहन देती हैं। ऐसा भी नहीं कि कथावाचन की परंपरा केवल सनातन धर्म तक ही सीमित है। इस सूची में सभी पंथों के धर्माचार्य शामिल हैं। जैन धर्म, बुद्ध धर्म, ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय, योग, ज्योतिष, तंत्र विद्या आदि से जुड़े कथावाचक भी हैं। पहले पहल साहित्य, कविगोष्ठी, कवि-सम्मेलन आदि के कार्यक्रम एवं 'स्लॉट' भी चले थे, लेकिन ज्यादा भाव नहीं मिल पाया। विवादों की उम्र ज्यादा नहीं होती। इस विवाद को अगले किसी विवाद के लिए स्थान खाली करना होता है। मगर इन विवादों का सबसे बड़ा अनुभव यह रहा है कि सुरूचिपूर्ण धारावाहिकों एवं कला-संगीत आदि से जुड़े कार्यक्रम हाशिए पर सरक चले हैं। सुरूचि का ना तो कोई वोट बैंक है, न उपयोगिता। अब हर तत्व, हर गतिविधि का चलन उपयोगिता से जुड़ चला है। चलिए प्रार्थना करें कि विवादों का धंधा सुरूचिपूर्ण ढंग से तो चले।

(लेखक वरिष्ठ साहियकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।


## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं।

*- प्रतीक केशरवानी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### युद्ध के बाद खामेनेई पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए


ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन जारी रहे युद्ध के बाद शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए और उन्होंने आशुरा की पूर्व संध्या पर एक शोक समारोह में भाग लिया। ईरान और इजराइल के बीच हुए युद्ध के दौरान खामेनेई के सामने नहीं आने से ऐसे संकेत मिले कि ईरान के सर्वोच्च नेता किसी बंकर में छिपे हैं। हालांकि, मीडिया ने अपनी किसी भी खबर में यह पुष्टि नहीं की थी। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर उन्हें नारे लगाती भीड़ की ओर हाथ हिलाते और सिर हिलाते हुए दिखाया गया। भीड़ उस वक्त उत्साहित हो गई जब उसने खामेनेई को राजधानी तेहरान में अपने कार्यालय और आवास के पास स्थित एक मस्जिद में प्रवेश करते देखा। इस दौरान संसद के अध्यक्ष जैसे शीर्ष नेता मौजूद थे, आमतौर पर ऐसे आयोजन कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित किए जाते हैं। ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर बमबारी करके अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 86 वर्षीय खामेनेई को सोशल मीडिया के माध्यम से चेतावनी दी थी और कहा था कि अमेरिका जानता है कि ईरान के सर्वोच्च नेता कहां हैं लेकिन उसकी उन्हें मारने की कोई योजना नहीं है। वहीं, 26 जून को युद्धविराम शुरू होने के कुछ ही समय बाद खामेनेई ने अपना पहला सार्वजनिक बयान दिया था।



## ऑफ बीट

### ऑनलाइन बातचीत में भावनाओं को पहचान सकता है एआई

जब हम किसी दूसरे व्यक्ति को ईमेल या सोशल मीडिया पर कुछ लिखते हैं तो हम सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते, लेकिन हमारे शब्द एक छिपे हुए अर्थ को व्यक्त कर सकते हैं। हम अक्सर यह भी उम्मीद करते हैं कि ये भावनाएं पाठकों तक पहुंच जायेंगी। लेकिन क्या होगा यदि दूसरी तरफ कोई कृत्रिम मेधा (एआई) प्रणाली हो, न कि कोई व्यक्ति? क्या एआई हमारे मूलपाठ में छिपे अर्थ को समझ सकता है? और अगर ऐसा है, तो इसका हमारे लिए क्या मतलब है? विषय-वस्तु विश्लेषण अध्ययन का एक क्षेत्र है जो पाठ में अंतर्निहित गहरे अर्थों और भावनाओं को उजागर करने से संबंधित है। उदाहरण के लिए, इस प्रकार का विश्लेषण हमें संचार में मौजूद राजनीतिक झुकाव को समझने में मदद कर सकता है जो शायद सभी के लिए स्पष्ट नहीं है। यह समझना कि किसी की भावनाएं कितनी तीव्र हैं या वे व्यंग्यात्मक हैं, किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, ग्राहक सेवा में सुधार लाने और यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण हो सकता है। ये तो बस कुछ उदाहरण हैं। हम जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी इसके फायदों की कल्पना कर सकते हैं, जैसे सामाजिक विज्ञान अनुसंधान, नीति-निर्माण और व्यवसाय।



## ट्रेंड

### हार्दिक शुभकामनाएं



मैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ मिलकर परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा को प्रेरित किया है। हम उनके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जयंती पर श्रद्धांजलि



एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे...यह अखंड भारत के लिए अविराम तप करने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन-प्रतिज्ञा थी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि!

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### मतदान का अधिकार



निर्वाचन आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार में करोड़ों लोगों के मतदान का अधिकार छीनने का जो 'मास्टर प्लॉन' बनाया था, उसमें अब भाजपा खुद फंसती नजर आ रही है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### ध्वस्त कानून व्यवस्था



बिहार की ध्वस्त कानून व्यवस्था व बेलगाम भ्रष्टाचार पर भी अगर किसी को गुस्सा नहीं आ रहा तो समझो उस इंसान का न्यायिक चरित्र एवं मानवीय संवेदना मर चुकी है। जात-धर्म के नाम पर सरकार की विफलता व जनभावनाओं को नजरअंदाज करना बिहार और बिहारियों के लिए घातक है।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



# ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें 'जाम'

## प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों के बंद होने का सिलसिला नहीं थमा

**उत्तराखंड में कुदरत की मार, लोगों में हाहाकार**

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। 28 जून क यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों का बंद होने का सिलसिला थमा नहीं है। ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में 2, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में 6ग्रामीण, अल्मोड़ा में 1 राजमार्ग और 1 ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में 3ग्रामीण, देहरादून में 2 ग्रामीण और टिहरी जिले में 3 ग्रामीण सड़कें बंद हैं।





### मंडी में फिर फटा बादल — कोरतंग में तबाही, 2 शव मिले

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक बार फिर बादल फटने से तबाही मची है। चौहारघाटी सिल्हबुधानी के कोरतंग में देर रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन जानमाल को नुकसान नहीं है। तबाही के जख्मों के बीच हिमाचल में रविवार को फिर से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने मंडी, कांगड़ा और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

**फ्लाइटें रद्द, 239 सड़कें, 258 ट्रांसफॉर्मर व 289 पेयजल स्कीमें ठप**

बारिश के चलते दिल्ली और चंडीगढ़ से कोई भी फ्लाइट गगल एयरपोर्ट नहीं पहुंची। चारों फ्लाइटें रद्द रहीं। इसमें इंडिगो की एक दिल्ली और एक चंडीगढ़ से फ्लाइट। वहीं, स्पाइस जेट की दो फ्लाइटें दिल्ली से नहीं आईं। बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश में अभी 239 सड़कें, 258 ट्रांसफॉर्मर व 289 पेयजल स्कीमें ठप हैं। सर्वाधिक 176 सड़कें मंडी जिले में अवरुद्ध हैं। इनमें सराज में 85 सड़कें बंद हैं।

**अब मंडी पहुंचीं कंगना**

### अब तक सारी मदद केंद्र ने दी, हम लोगों के साथ खड़े

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी के सिराज घाटी में बादल फटने की घटना से हुए नुकसान और मृतकों के परिवारों को संवेदना जताने मंडी की भाजपा सांसद कंगना रनौत पहुंची हैं। रनौत ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते कहा कि अब तक सारी मदद केंद्र सरकार के तरफ से ही आई है। मैं जो काम कर रही हूं वो मैं जानती हूं लेकिन ये जो काम कर रहे हैं इसके बाद मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस की सरकार वापस आएगी। लोगों ने जो दुख उन्होंने झेले हैं, अपने परिवार खोएं हैं, उनके साथ खड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### यूबीटी के कई सांसद विधायक पार्टी छोड़ेंगे



मुंबई। महाराष्ट्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और मंत्री गिरीश महाजन ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) के कई सांसद और विधायक उनके संपर्क में हैं, क्योंकि लोगों को अब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व पर भरोसा नहीं रह गया है। महाजन ने त्रिभाषा नीति पर विवाद के बीच उद्धव ठाकरे को 'पलटीबहादुर' बताते हुए उन पर अपरिपक्व व्यवहार का आरोप लगाया।

### रोहतांग के समीप कार खाई में गिरी, 4 की मौत



रोहतांग। सड़क मार्ग पर राहनीनाला के समीप एक ऑल्टो कार नंबर एचपी 01 के -7850 गहरी खाई में गिरने से 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक की हालत गंभीर है। बताया जा रहा होटल का स्टाफ रोहतांग दर्रे की तरफ जा रहा था, लेकिन राहनीनाला के पास सभी हादसे का शिकार हो गए। मनाली थाना की पुलिस मौके को रवाना हो गई है।

### राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 4 की गई जान



कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के बारां जिले में कोटा-शिवपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक कार के खड़ पिकअप वाहन से टकरा जाने के कारण 4 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात हुआ। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सभी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### टैक्सी चालकों हत्या कर पहाड़ों में फेंकता था शव



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आरके पुरम क्राइम ब्रांच टीम ने एक सीरियल किलर को गिरफ्तार किया है। यह किलर 3 साथियों के साथ कैब ड्राइवर्स की हत्या कर लाश खाई में फेंक देता था। इसकी 4 हत्याओं का खुलासा हुआ है। सभी को मारकर उनकी कैब नेपाल में बेच दी गई थी। पुलिस को शक है कि कैब ड्राइवरों के लापता होने के जो दर्जनों मामले दिल्ली में दर्ज हैं।

### अब तेलंगाना में 10 घंटे की शिफ्ट, हफ्ते में 48 घंटे काम



हैदराबाद। देश में सप्ताह में काम के घंटों को लेकर जारी बहस के बीच तेलंगाना सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने कॉमर्शियल इकाइयों के लिए हर रोज 10 घंटे तक काम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूरे सप्ताह में 48 घंटे काम करना होगा। सरकार ने 5 जुलाई को आदेश जारी किया है। हालांकि, दुकानों और मॉल्स को इससे अलग रखा गया है।

## बिहार चुनाव से पहले आयोग ने वोटरों को दी सहूलियत

# लोग मतदाता सूची पुनरीक्षण में बिना दस्तावेज के जमा करा सकेंगे अपना गणना आवेदन

### विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया होगी पूरी





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बिना दस्तावेज के भी गणना फॉर्म जमा हो सकेगा। ऐसा करने वाले मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची के प्रारूप (ड्रॉफ्ट रोल) में शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि, सत्यापन के दौरान जरूरी दस्तावेज बीएलओ के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। 26 जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन ये गणना फॉर्म हर हाल में मतदाताओं को भरकर जमा करना अनिवार्य है। आयोग ने ताजा फैसले से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को बड़ी राहत दी है। शनिवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। 2003 के बाद मतदाता बनने वाले गणना फॉर्म को सही-सही भरकर, अपनी तस्वीर चिपका कर और अपना हस्ताक्षर कर बीएलओ के पास तय समय में जमा करा दें।

**26** जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करने की दी छूट

**4.96** करोड़ वोटर सत्यापित

गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएं। अब राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है।

### 3 करोड़ मतदाताओं को मिलेगी राहत





गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई भी दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है। शेष करीब 3 करोड़ मतदाताओं से ही दावा-आपत्ति के दौरान विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म भरेंगे**

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। 2003 के बाद मतदाता बनने वाले गणना फॉर्म को सही-सही भरकर, अपनी तस्वीर चिपका कर और अपना हस्ताक्षर कर बीएलओ के पास तय समय में जमा करें।

**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सुचारु चल रहा**

निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य उसके आदेशानुसार किया जा रहा है और सुचारू रुप से चल रहा है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ



बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने कहा**

### बंगाल में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराए ईसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का रविवार को स्वागत करते हुए कहा कि इसी तरह की कवायद बंगाल में भी करनी चाहिए।

**खेमका की हत्या पर राहुल ने साधा निशाना**

### भाजपा-नीतीश ने बिहार को भारत की 'क्राइम कैपिटल' बना दिया



नई दिल्ली। पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है। इससे पहले तेजस्वी यादव ने खेमका की हत्या पर सरकार को निशाने पर लेते हुए बिहार में जंगलराज होने का आरोप लगा दिया था। राहुल ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। उन्होंने लिखा कि 'हर हत्या, हर लूट, हर गोली - एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।

**डॉ. मुखर्जी को शत-शत नमन**



# पीएम मोदी, बिरला समेत कई दिग्गजों ने उनके योगदान को याद किया, श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर देश के दिग्गजों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. मुखर्जी के महान योगदान को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

पीएम मोदी ने डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें राष्ट्र का अमर सपूत बताया तथा भारत की एकता, गौरव और विकास के लिए उनके आजीवन समर्पण की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो क्लिप भी साझा की। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सपूत डॉ. मुखर्जी कहते थे कि कोई भी राष्ट्र अपनी ऊर्जा से ही सुरक्षित रह सकता है। उन्हें देश के संसाधनों और देश के सामर्थ्यवान लोगों पर अटूट विश्वास था। पीएम मोदी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और भारत की परमाणु नीति को आकार देने में उनका योगदान अपने समय से बहुत आगे था। मैं डॉ. मुखर्जी को अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी स्मृति को नमन करता हूं। इसी तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी उनको नमन किया। इसके अलावा भाजपा के कई नेताओं ने भी उनके योगदान को याद किया।

### मंत्री वैष्णव और सीएम रेखा ने भी दी श्रद्धांजलि



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य ने रविवार को नई दिल्ली में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**गृहमंत्री शाह बोले**

### डॉ. मुखर्जी न होते तो कश्मीर हमारा न होता

गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि अगर मुखर्जी न होते तो कश्मीर कभी भारत का अभिन्न हिस्सा न बन पाता। उन्होंने अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को मिली विशेष स्थिति का विरोध किया और 'एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे' का नारा दिया। शाह ने उनके बलिदान और योगदान को राष्ट्र के लिए अहम बताया।

## नड्डा और रेखा ने पिछली सरकारों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

# दिल्ली में 1400 नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नियुक्ति पत्र दिया

**1,388 नर्सों को नियुक्ति पत्र दिए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नौकरी दे दी है। सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री गुप्ता ने कहा कि वर्षों तक पिछली दिल्ली सरकारों ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को कोई स्थायी नौकरी नहीं दी। यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब कई सालों के बाद 1,388 नर्सों को नियुक्ति पत्र दिए गए।



### 'आयुष्मान' पंजीकरण वैन को रवाना किया

विज्ञान भवन में नड्डा और रेखा गुप्ता ने 'आयुष्मान भारत योजना' के लिए पंजीकरण वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन दिल्ली के हर नागरिक को आयुष्मान भारत कार्ड पंजीकरण की सुविधा देगी।

**पहले स्वास्थ्य क्षेत्र उपेक्षित रहा**

नड्डा ने कहा कि पहले की सरकारों ने सभी क्षेत्रों में उदासीनता दिखाई। स्वास्थ्य क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहा। अब आयुष्मान भारत मिशन के तहत दिल्ली को सुविधा मिलेगी।

## अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र

# चंद्रचूड़ ने रिटायर होने के बाद खाली नहीं किया बंगला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद पूर्व सीजेआई 6 महीने तक टाइप-सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन वे 8 महीने से रह रहे हैं। इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है।

## पटना सनातन महाकुंभ में बोले पं. धीरेंद्र

# भारत हिंदू राष्ट्र बना तो देश का पहला राज्य बिहार होगा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में सनातन महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन शुरू हो चुका है। इस सनातन महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कुछ लोग तिरंगे पर चांद चाहते हैं, लेकिन ऐसा कभी होने वाला नहीं है। हमारे धर्म पर घात हुआ तो हम लोग प्रतिघात करेंगे।

**हमारा एक ही सपना भगवा-ए-हिंद बनाना**

पंडित शास्त्री ने कहा कि बहुत सी ताकतें देश को गजवा-ए-हिंद बनाना चाहती हैं, लेकिन हमारा एक ही सपना है भगवा-ए-हिंद। धीरेंद्र शास्त्री यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि हमारे धर्म पर घात हुआ तो प्रतिघात करूंगा। हमें मुसलमान, ईसाई से कोई दिक्कत नहीं। जातियों के नाम पर लड़ाने वाले हिंदुओं से दिक्कत है। धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि अगर भारत हिंदू राष्ट्र होगा तो पहला राज्य बिहार होगा।

## केंद्रीय मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से की अपील

# प्रौद्योगिकी, जनहित को 'कार्य संस्कृति' का अटूट अंग बनाएं

### सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस पर अमूल डेयरी के परिसर में बोले

एजेंसी ▶▶ आणंद

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे सफलता प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और सहकारी संगठनों के सदस्यों के हितों को अपनी कार्य संस्कृत में सर्वोच्च स्थान दें। सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर शाह ने यहां अमूल डेयरी के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और सदस्यों (सहकारी क्षेत्र के किसानों और समितियों) को साथ रखना अहम है। शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बिना सहकारी समितियां समृद्ध नहीं हो सकतीं।



**2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां**

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी) का पंजीकरण, त्रिभुवन, पहले राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय की नींव रखी गई है और डेयरी क्षेत्र में 3 नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों का निर्माण किया गया है। शाह ने इस क्षेत्र से 5 'पी' - 'पीपुल्स' (जनता), 'पीएसी', 'प्लेटफॉर्म' (मंच), 'पॉलिसी' (नीति) और 'प्रोस्पेरिटी' (समृद्धि) पर ध्यान देने का आग्रह किया।

**3 सिद्धांतों को कामकाज में शामिल करें**

शाह ने सहकारी समितियों से 3 सिद्धांतों को अपनी कार्य संस्कृति में शामिल करते हुए जम्मू-कश्मीर से लेकर 'कामाख्या' और देश के हर गांव में इनका प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में नमक सहकारी समिति की शुरुआत सहित कार्यक्रम के दौरान शुरू की गई दस पहलों से अमूल की तरह एक मजबूत ब्रांड का निर्माण होगा।

### 4 साल पहले रखी गई इसकी नींव

गृहमंत्री शाह ने कहा कि 4 साल पहले मोदी ने 'सहकारिता से समृद्धि' के मंत्र के साथ सहकारिता मंत्रालय की नींव रखी थी, जिससे सहकारी व्यवस्था में नई जान आई। उन्होंने कहा कि दुग्ध सहकारी संस्था अमूल का वार्षिक कारोबार अगले साल 80,000 करोड़ से बढ़कर एक लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में दावाः राफेल लड़ाकू विमान को बदनाम करने के लिए 'दुष्प्रचार' कर रहा है चीन

**चीन अपने लड़ाकू विमानों को बेचने के लिए कर रहा गलत प्रचार**



एजेंसी ▸▸ पेरिस

*भारत-पाकिस्तान संघर्ष की आड़ में चीन फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस काम में उसके दूतावास विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू विमान न खरीदने और चीनी जेट खरीदने के लिए मनाने में जुटे*

फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है, जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है।



### चीन निर्मित हथियारों के प्रदर्शन पर उठे सवाल?

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं। हालांकि फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलेंजर ने कहा कि भारत ने संभवतः तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 2000 शामिल है।*

**भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरें**

### सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार

*इसके तहत सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल की जा रही हैं, जिनमें फर्जी तस्वीरों के जरिए राफेल के मलबे को दिखाया जा रहा है। साथ ही एआई जेनरेट कंटेंट और वीडियो गेम की क्लिप दिखाकर राफेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बाद एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जो चीन की सैन्य तकनीक को बेहतर बताने की कोशिश कर रहे हैं।*

### फ्रांस के रक्षा निर्यात में राफेल अहम

फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को राफेल लड़ाकू जेट बेचे हैं, उनमें पहली बार राफेल के निशाना बनने की बात सामने आई है। बेलेंजर ने कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है, तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। फ्रांस के हथियार निर्यात में बड़ा हिस्सा राफेल और उससे जुड़े उपकरण हैं। यह फ्रांस का विभिन्न देशों से संबंध बेहतर करने का भी प्रमुख जरिया है। खासकर एशिया में, जहां चीन अपना दबदबा बढ़ा रहा है। हालांकि इन दिनों फ्रांस को चीन के दुष्प्रचार से जूझना पड़ रहा है। जिसमें पाकिस्तान और चीन दोनों शामिल हैं।

## खबर संक्षेप


### पीएम मोदी ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने दलाई लामा को 'प्यार, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन' का प्रतीक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। पीएम मोदी ने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की तरफ से वो दलाई लामा को शुभकामनाएं देते हैं।



### तालिबान को मान्यता देने की जल्दी में नहीं है पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे फिलहाल अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने की जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोई भी फैसला देश के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। पाकिस्तान का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब एक दिन पहले ही रूस ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने का एलान कर दिया है।



## पीएम मोदी ने ब्रिक्स मंच से यूएन जैसी संस्थाओं पर बोला हमला

# पीएम मोदी ने ब्रिक्स में भारत को बनाया 'ग्लोबल साउथ का नेता' यूएन पर निशाना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/ब्रासीलिया

**पीएम मोदी ने ब्रिक्स समिट में भारत को ग्लोबल साउथ की आवाज बताया और संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं पर तंज कसते हुए कहा कि बदलाव अब जरूरी है वरना ये सिर्फ शोपीस बनकर रह जाएंगी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स सम्मेलन के मंच से सिर्फ भाषण नहीं दिया बल्कि यह साफ संदेश दिया कि भारत अब ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों की आवाज बनने को तैयार है। उन्होंने अपने पूरे संबोधन में भारत को एक जिम्मेदार, निर्णायक और नेतृत्वकारी भूमिका में पेश किया, जो सिर्फ अपने लिए नहीं, पूरे विश्व के लिए सोचता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी मौजूद थे जो लंबे समय से खुद को ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधि बताने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस बार पीएम मोदी ने यह दिखाया कि भारत का दृष्टिकोण सिर्फ रणनीति का नहीं, संवेदनशीलता और समाधान का है। उनका हर वाक्य ग्लोबल साउथ के लिए था और हर तंज उन संस्थाओं के लिए जो इस हिस्से की उपेक्षा करती रही हैं। ब्रिक्स समिट में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ब्राजील की अध्यक्षता में ब्रिक्स को जो नई ऊर्जा मिली है, वो एसप्रेसो नहीं, डबल एसप्रेसो शॉट है! इस मजेदार लाइन पर हॉल में मौजूद नेताओं की हंसी भी सुनाई दी, लेकिन इसके पीछे का संदेश सीधा था- ब्रिक्स में बदलाव की भूख है, और नेतृत्व को दिशा देने वाले लीडर्स की ज़रूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने बीसवीं सदी में बनी वैश्विक संस्थाओं पर सीधा हमला बोला. उन्होंने कहा, ये संस्थाएं ऐसी हैं जैसे मोबाइल में सिम हो लेकिन नेटवर्क नहीं। इस एक वाक्य में उन्होंने यह जता दिया कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन और विकास बैंक जैसे संस्थान अब बिना बदलाव के अकारथ हो चुके हैं।

### खास बातें

- पीएम ने कहा- मोबाइल में सिम है पर नेटवर्क नहीं
- भारत को बताया ग्लोबल साउथ की आवाज और समाधान का केंद्र
- एआई के युग में हर हफ्ते तकनीक अपडेट होती है- पीएम मोदी




### बीसवीं सदी के टाइपराइटर से नहीं चलेंगी

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि आज जब हर सप्ताह नई तकनीकें आ रही हैं, ऐसे में 80 साल से एक जैसी बनी वैश्विक व्यवस्थाएं अब काम की नहीं रहीं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र का नाम लिए बिना कहा कि 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को बीसवीं सदी के टाइपराइटर से नहीं चलाया जा सकता। यह सीधा तंज उन देशों पर था जो इन संस्थानों में बदलाव को रोकते हैं।

### दोहरे मानदंडों का शिकार रहा है ग्लोबल साउथ

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, 'ग्लोबल साउथ अक्सर दोहरे मानदंडों का शिकार रहा है। चाहे विकास की बात हो, संसाधनों के वितरण की बात हो या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ के हितों को प्राथमिकता नहीं दी गई है। जलवायु वित्त, सतत विकास और प्रौद्योगिकी पहुंच जैसे मुद्दों पर ग्लोबल साउथ को अक्सर सिर्फ औपचारिक इशारे ही मिले हैं'। पीएम मोदी ने आगे कहा '20वीं सदी में बनी वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में असमर्थ हैं। चाहे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे संघर्ष हों, महामारी हो, आर्थिक संकट हो या साइबरस्पेस में नई उभरती चुनौतियां हों, इन संस्थाओं के पास कोई समाधान नहीं है।

### दुनिया को एक नई व्यवस्था की जरूरत है

*17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया को एक नई, बहुध्रुवीय और समावेशी विश्व व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में व्यापक सुधारों से करनी होगी। सुधार केवल प्रतीकात्मक नहीं होने चाहिए, बल्कि उनका वास्तविक प्रभाव भी दिखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 20वीं सदी में गठित वैश्विक संस्थाओं में मानवता के दो तिहाई हिस्से को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में अहम योगदान देने वाले देशों को निर्णय लेने वाली मेज पर जगह नहीं दी गई है। यह केवल प्रतिनिधित्व का सवाल नहीं है, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है। ग्लोबल साउथ के बिना ये संस्थाएं सिम कार्ड वाले मोबाइल की तरह लगती हैं, लेकिन नेटवर्क नहीं।*

## अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में सेंध

# ट्रंप के गोल्फ कोर्स पर उड़ रहे प्लेन को लड़ाकू विमान ने खदेड़ा



एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी वायुसेना ने न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्फ कोर्स के ऊपर उड़ रहे एक नागरिक विमान को रोकने के लिए लड़ाकू जेट भेजा। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला सप्ताहांत के लिए न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फर्स्ट लेडी जब वीकेंड पर न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर स्थित निजी गोल्फ कोर्स में मौजूद थे, उसी दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी सेंध लगने से हड़कंप मच गया।

शनिवार 5 जुलाई को एक नागरिक विमान ने अस्थायी उड़ान प्रतिबंध (टीएफआर) का उल्लंघन किया, जिसके बाद उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के लड़ाकू विमान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस विमान को इंटरसेप्ट कर रोक दिया।

### 5 बार नियमों का किया उल्लंघन

बयान में बताया गया कि यह दिन भर में पांचवां टीएफआर उल्लंघन था। इससे पहले तीन और उल्लंघन हो चुके थे जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई। अमेरिकी एयरफोर्स ने सभी पायलटों को एफएए द्वारा जारी नोटिस टू एयर मिशन यानी नोटम पढ़ने और पालन करने की सख्त हिदायत दी है। एयरफोर्स ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, यदि आप बेडमिंस्टर, एनजे के आस-पास उड़ान भरने की सोच रहे हैं, तो नोटम्स 1353, 1358, 2246, और 2247 पर जरूर नजर डालें। ये सुरक्षा के लिए हैं, कोई बहाना नहीं चलेगा! सावधान रहें और प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर रहें। एनओआरएडी द्वारा एफटीआरए उल्लंघन की स्थिति में कैसे कार्रवाई की जाती है, इसके लिए उन्होंने एक वीडियो लिंक भी साझा किया है, जो जागरूकता बढ़ाने के लिए है।

### प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में था विमान

एनओआरएडी ने जानकारी दी कि यह घटना दोपहर 2:39 बजे (ईडीटी) हुई जब सामान्य नागरिक विमान ने प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। एनओआरएडी के फाइटर जेट ने हेडबट रणनीति अपनाते हुए पायलट का ध्यान खींचा और विमान को सुरक्षित रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।

## 24 घंटे में गाजा पट्टी में 130 ठिकानों पर हमला



# इजराइल ने किया गाजा पर हवाई हमला, 33 फलस्तीनी मारे गए

एजेंसी ▸▸ तेलअवीव

इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध विराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआती 60 दिन के युद्ध विराम की योजना पेश की है ।

### गाजा शहर के दो मकानों को भी बनाया गया निशाना

जिसमें गाजा में मानवीय आपूर्ति में वृद्धि के बदले हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की आंशिक रूप से रिहाई शामिल है। प्रस्तावित युद्ध विराम में 21 महीने से जारी युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने के लिए वार्ता की बात कही गई है। गाजा शहर में सेवा प्रदान करने वाले शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया के अनुसार, इजराइली हमलों में गाजा शहर के दो मकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 20 लोग मारे गए और 25 घायल हो गए।

### इजराइली सेना ने हमले पर टिप्पणी नहीं की

*दक्षिणी गाजा में, निकटवर्ती खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल के अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि मुवासी नामक क्षेत्र में हुए हमलों में 13 फलस्तीनी मारे गए। मुवासी गाजा के भूमध्य सागर पर स्थित एक क्षेत्र है, जहां कई विस्थापित लोग तंबुओं में रहते हैं। इजराइली सेना ने इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में 130 ठिकानों पर हमला किया। इसने कहा कि हमलों में हमास के कमान और नियंत्रण ढांचे, भंडारण केंद्रों और हथियारों को निशाना बनाया गया तथा उत्तरी गाजा में कई आतंकवादी मारे गए।*

## एलन मस्क की ट्रंप से अब आर-पार की लड़ाई

# अमेरिका पार्टी बनाई, कहा-अमेरिकियों को उनकी आज़ादी 'वापस' दिलाऊंगा

**ट्रंप अब उनकी कंपनियों से सारी सब्सिड़ी खींच लेंगे**

**ट्रंप ने कहा था कि मस्क अपना बैग लेकर दक्षिण अफ्रीका लौट जाएं**

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क ने अमेरिकियों को उनकी आज़ादी वापस दिलाने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा की है। एलन मस्क ने पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोल चलाया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि क्या अमेरिका को एक नई राजनीतिक पार्टी मिलनी चाहिए। रविवार की सुबह एलन मस्क ने पोस्ट किया- 66 फीसदी लोग नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं और आपको यह मिल जाएगी। जब हमारे देश को बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया बनाने की बात आती है, तो हम एक-पक्षीय प्रणाली में रहते हैं, लोकतंत्र में नहीं। 'अमेरिका पार्टी' आपको आपकी आज़ादी वापस दिलाने के लिए बनाई गई है।



### दो-पक्षीय प्रणाली तोड़ना मुश्किल

*अमेरिका की राजनीतिक संरचना दो-पक्षीय प्रणाली का पक्षधर है और नए लोगों के लिए इसे तोड़ना मुश्किल है। ग्रीन पार्टी, लिबर्टेरियन पार्टी आदि जैसे कई लोगों ने कोशिश की है। राष्ट्रीय स्तर के चुनाव लड़ने के लिए, किसी नई पार्टी को संघीय चुनाव आयोग में रजिस्ट्रेशन कराना होता है, जिसके बाद ही वह चुनाव गतिविधियों पर एक निश्चित सीमा से अधिक धन खर्च कर सकती है। मस्क की पार्टी को अभी रजिस्ट्रेशन कराना बाकी है।*


## नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम को मिली कामयाबी

# अब जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जापानी वैज्ञानिकों ने रक्त की इस कमी को दूर करने के लिए कृत्रिम रक्त यानी आर्टिफिशियल तरह का खून विकसित कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा।

इतना ही नहीं सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है। खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है।



### 2030 में कृत्रिम रक्त मिलना होगा शुरु

अब तक किए गए शुरुआती ट्रायल की प्रभाविकता की भी जांच की जानी है। यदि परीक्षण सफल होते हैं, तो जापान 2030 तक वास्तविक दुनिया की चिकित्सा प्रणालियों में कृत्रिम रक्त का उपयोग करने वाला पहला देश बन सकता है। स्थानीय समाचार आउटलेट क्योडो न्यूज के अनुसार, नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के परीक्षण के शुरुआती चरणों में मार्च में 16 स्वस्थ वयस्कों को 100 से 400 मिलीलीटर कृत्रिम रक्त दिया गया था।

## 24 सदस्यीय टीम ने की तकनीकी जांच, 915 करोड़ रुपए का है फाइटर जेट

**हाइड्रॉलिक फेल्योर के कारण टेक ऑफ करना संभव नहीं हुआ**

# तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर ब्रिटेन का फाइटर प्लेन एफ-35 बी 22 दिन बाद हैंगर में शिफ्ट किया

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर 22 दिनों से खड़ा ब्रिटिश एफ-35बी स्टील्थ फाइटर जेट आखिरकार रविवार को हटा दिया गया। यह विमान 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग के बाद वहां फंसा हुआ था। विमान को ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के एयरबस ए 400 एम एटलस से आई 24 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने तकनीकी जांच के बाद हैंगर में शिफ्ट किया।

ब्रिटिश एफ-35बी जेट एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर ग्रुप का हिस्सा है और केरल के तट से करीब 100 नॉटिकल मील दूर समुद्री अभ्यास कर रहा था। खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण इसे तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। भारतीय वायुसेना ने इस लैंडिंग में सहयोग करते हुए ईंधन और लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की थी, लेकिन जब विमान को वापस ले जाने की तैयारी हो रही थी, तब उसमें हाइड्रॉलिक फेल्योर का पता चला, जो टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए खतरनाक हो सकता था।





### हैंगर में शिफ्ट करने को राजी हुई ब्रिटिश टीम

ब्रिटिश नेवी की एक छोटी टीम ने विमान की मरम्मत की कोशिश की, लेकिन तकनीकी जटिलताओं के कारण वे असफल रहे। इसके बाद ब्रिटिश टीम ने एअर इंडिया द्वारा विमान को हैंगर में रखने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया, लेकिन बाद में मानसून की बारिश को देखते हुए वे मान गए।

### एफ-35 बी जेट पर बने मीम्स

इस दौरान सोशल मीडिया पर एफ-35 बी जेट मज़ाक और मीम्स का विषय भी बना। एक्स पर लोगों ने इसे 'आधार कार्ड' से लेकर बॉलीवुड डायलॉग तक में शामिल किया। यहां तक कि केरल टूरिज्म ने भी एक मज़ेदार पोस्ट के जरिए इस पर चुटकी ली। अब इस विमान को हटा लिया गया है, यह देखना होगा कि ब्रिटिश तकनीकी टीम इसे उड़ान लायक कब बना पाती है और कब यह एचएमएस प्रिंस ऑफ वाल्स में वापस लौटता है।

### सीमित क्षेत्र से भर सकता है उड़ान

एफ-35 बी लाइटनिंग दुनिया का सबसे आधुनिक पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट है, जिसकी कीमत करीब 110 मिलियन डॉलर (करीब 915 करोड़ रुपये) है। यह एसटीओवीएल यानी शॉर्ट टेक ऑफ एंड वर्टिकल लैंडिंग क्षमता से लैस है और छोटे डेक या सीमित क्षेत्र वाले बेस से उड़ान भरने में सक्षम है।

# जोकोविच के नाम जुड़ा एक और रिकार्ड, विंबलडन में 100वीं जीत दर्ज करने वाले बने दुनिया के तीसरे खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ लंदन

नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं।

- इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे



## अगला मुकाबला एलेक्स डी. मिनाउर से होगा

जोकोविच ने कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।' अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी. मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।



## माजचरजाक को हराकर खाचानोव क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** रूस के कारेन खाचानोव ने रविवार को यहां विबलडन के अंतिम 16 दौर के मैच में विश्व रैंकिंग में 109वें स्थान पर काबिज कामिल माजचरजाक को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे माजचरजाक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-3 से हराया। खाचानोव के सामने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज या जॉर्डन थॉम्पथन की चुनौती होगी।



## खबर संक्षेप



### आयरिश ओपन में दीक्षा संयुक्त 53वें स्थान पर

**किल्डारे (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है। लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 10वें स्थान पर चल रही दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गईं।

### चेबेट ने 5 हजार मीटर दौड़ में बनाया विश्व रिकॉर्ड



**यूजीन।** कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे की ओर से बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### जापान के निशिमेटा से हारे श्रीकांत, चुनौती समाप्त

**कैलगरी।** कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत के किदांबी श्रीकांत जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए। उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया।



### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए।



## भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट मैच : आकाशीप ने 21.1 ओवर में 99 रन देकर 6 विकेट झटके

# भारत ने पहली बार जीता बर्मिंघम का किला, इंग्लैंड को 336 रनों से हराया, सीरीज में 1-1 की बराबरी

एजेंसी ⏭ बर्मिंघम

भारत ने रविवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन इंग्लैंड को 336 रन से हराकर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। एजबेस्टन में 58 सालों में भारत की यह पहली टेस्ट जीत है। इंग्लैंड ने लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से जीता था। भारत ने कप्तान शुभमन गिल के दोनों पारियों में शतक (269 रन और 161 रन) की मदद से इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में मेहमान टीम 271 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए और दूसरी पारी छह विकेट पर 427 रन पर घोषित की। इंग्लैंड ने पहली पारी में 407 रन बनाए थे।

भारतीय टीम ने पहली बार एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर जीत हासिल की है। इससे पहले टीम ने 8 मुकाबले खेले थे और 7 में हार का सामना करना पड़ा था और एक मैच ड्रॉ रहा था। पिछली बार 2022 में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ इस मैदान पर 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पहले एजबेस्टन में 56 टेस्ट मैच खेले गए थे, जिसमें से 29 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीते थे, जबकि 12 बार गेंदबाजी करने वाली टीम ने बाजी मारी थी। 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। गिल टेस्ट में सर्वोच्च पारी खेलने वाले कप्तान भी बने हैं। उनसे पहले ये रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज था। बता दें कि कोहली ने 2019 में भारतीय टीम की अगुआई करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन बनाए थे।

### भारत की जीत के तीन सबसे बड़े हीरो

**शुभमन गिल**

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 269 रन | 161 रन |

**आकाश दीप**

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 4 विकेट | 6 विकेट |



**मोहम्मद सिराज**

| पहली पारी | दूसरी पारी |
|---|---|
| 6 विकेट | 1 विकेट |



### एजबेस्टन में भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट का रिजल्ट

- जुलाई 1967: इंग्लैंड 132 रन से जीता (कप्तान- मंसूर अली खान पटौदी)
- जुलाई 1974: इंग्लैंड पारी और 78 रन से जीता (कप्तान- अजित वाडेकर)
- जुलाई 1979: इंग्लैंड पारी और 83 रन से जीता (कप्तान- श्रीनिवास वेंकटराघवन)
- जुलाई 1986: मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ (कप्तान- कपिल देव)
- जुलाई 1996: इंग्लैंड 8 विकेट से जीता (कप्तान- मोहम्मद अजहरुद्दीन)
- अगस्त 2011: इंग्लैंड पारी और 242 रन से जीता (कप्तान- एमएस धोनी)
- अगस्त 2018: इंग्लैंड 31 रन से जीता (कप्तान- विराट कोहली)
- जुलाई 2022: इंग्लैंड 7 विकेट से जीता (कप्तान- जसप्रीत बुमराह)
- जुलाई 2025: भारत 366 रन से जीता (कप्तान- शुभमन गिल)

### 39 साल बाद आकाश दीप ने दोहराया रिकॉर्ड

एजबेस्टन टेस्ट में आकाश दीप ने पहली पारी में 88 देकर 4 विकेट लिए। दूसरी पारी में उन्होंने 99 रन देकर 6 विकेट झटके। वह इंग्लैंड में 10 विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उनसे पहले चेतन शर्मा ने 1986 में बर्मिंघम टेस्ट में ही 10 विकेट हासिल किए थे। अब आकाश दीप ने 39 साल बाद यह रिकॉर्ड दोहराया है।

### जायसवाल सबसे तेज 2,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बने

जायसवाल दूसरी पारी में 13 रन बनाते ही 2,000 टेस्ट रन पूरे कर लिए। वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 2,000 रन बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का 49 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

### एजबेस्टन में टेस्ट जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी भारत

भारतीय टीम एजबेस्टन में टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी है। एशियाई टीमों ने यहां कुल 19 टेस्ट (भारत 9, पाकिस्तान 8 और श्रीलंका 2) खेले हैं। भारत की 336 रन की जीत किसी विदेशी टेस्ट में उनकी सबसे बड़ी जीत है।

### डब्ल्यूटीसी में चौथे स्थान पर पहुंचा भारत

इस जीत के साथ भारत डब्ल्यूटीसी के नए चक्र (2025-27) की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। दो मैचों में पहली जीत के साथ उसके खाते में 12 अंक हो गए हैं और अंक प्रतिशत 50 का है। वहीं, इंग्लैंड इस हार के साथ 12 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गया। फिलहाल ऑस्ट्रेलिया 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है जबकि श्रीलंका और बांग्लादेश क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद छठे स्थान पर मौजूद है।

हॉकी

## मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित हुआ दीपिका का गोल



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह 3 बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल 3 गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

### गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक

दीपिका ने कहा, 'नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में मैच जीतने में मदद मिली। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। ऐसे पलों के लिए ही हम कड़ा अभ्यास करते हैं।' दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल की चुनौती का सामना करना होगा।

## जायसवाल ने पूरी की अपने दृष्टिबाधित फैन की इच्छा, उपहार में नन्हें रवि को दिया ऑटोग्राफ वाला बल्ला

**बर्मिंघम।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था। क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, 'रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।'जायसवाल ने रवि से कहा, 'हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई। मैं आपसे मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित था क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं नहीं जानता कि मैं आपसे मिलने को लेकर नर्वस क्यों था।' जायसवाल ने कहा, 'मेरे पास आपके लिए एक उपहार है... मेरा बल्ला। मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें।



## विश्व मुक्केबाजी कप : साक्षी का शानदार प्रदर्शन, भारत के लिए जीता पहला गोल्ड

एजेंसी ⏭ अस्ताना

दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 साल की साक्षी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।

भारतीय दल ने यहां विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे।पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गई। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली।



## क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : रियाल मैड्रिड ने बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया


# रियाल मैड्रिड और पीएसजी का सेमीफाइनल में होगा आमना-सामना

एजेंसी ⏭ ईस्ट रदरफोर्ड

यूरोप के दो चोटी के क्लब रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियाल मैड्रिड ने खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया।

गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा, जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया, जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली।

- यूरोप के दो चोटी के क्लबों के बीच होगा रोमांचक मुकाबला



### क्वार्टर फाइनल में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को दी मात

*सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। इससे पहले एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा।*




# आईसीएआई सीए रिजल्ट 2025: भोपाल की जजा जुनैद 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में बनीं सिटी टॉपर

## शहर की नेही अग्रवाल ने सीए फाइनल में 410 अंक के साथ शहर में प्रथम स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) मई 2025 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल, फाउंडेशन और इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। सीए फाइनल के साथ फाउंडेशन और इंटरमीडिएट का रिजल्ट भी जारी हो चुका है। इस रिजल्ट में भोपाल से जज़ा जुनैद ने 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सिटी टॉप किया है। उनकी एआईए रैंक 24 है। वहीं शहर की नेही अग्रवाल सीए फाइनल में 410 अंक के साथ शहर में प्रथम स्थान पर रही हैं।


जज़ा जुनैद

**भोपाल में सीए फाइनल के टॉपर्स**

| नाम | अंक |
|---|---|
| नेही अग्रवाल | 410 |
| चेतन साहू | 375 |
| अभिषेक रघुवंशी | 373 |
| दिपांशी मित्तल | 371 |
| प्राची जैन | 364 |

**राजधानी में सीए इंटरमीडिएट के टॉपर्स**

| नाम | अंक |
|---|---|
| जज़ा जुनैद | 467 |
| निर्मित ठाकुर | 417 |
| यश ओझा | 385 |
| कार्तिक जोशी | 380 |
| निलय दांगी | 377 |

**शहर में सीए फाउंडेशन के टॉपर्स**

| नाम | अंक |
|---|---|
| ईशान मंगल | 318 |
| नंदिनी गुप्ता | 274 |
| मोहित | 273 |

### बोर्ड परीक्षा के तुरंत बाद शुरू की तैयारी



राजधानी के ईशान मुकेश मंगल ने सीए फाउंडेशन में 318 अंक के साथ सिटी टॉप किया है। बताया कि उनकी इस सफलता के पीछे पिता मुकेश मंगल और माता ज्योति मंगल का अहम योगदान है। उन्होंने 12वीं बोर्डपरीक्षाएं समाप्त होते ही, सीए फाउंडेशन परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी।

### 218 अभ्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

भोपाल आईसीएआई के चेयरमैन सीए अर्पित राय ने बताया कि राजधानी से सीए फाइनल के दोनों समूह की परीक्षा में 218 अभ्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 37 ने परीक्षा में सफलता पाई है। इनके अलावा सीए फाइनल केसमूह एक में 260 कैंडिडेट्स में से 53 ने और ग्रुप 2 में 100 कैंडिडेट्स में से 22 ने परीक्षा पास की है। अनुमान है कि इस बार भोपाल को करीब 52 सीए मिले हैं। सीए फाइनल के साथ फाउंडेशन और इंटरमीडिएट का रिजल्ट भी जारी हो चुका है। इसमें भोपाल से जजा जुनैद ने 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सिटी टॉप किया है। उनकी एआईआर 24 रैंक है।



### निशा ने बढ़ाया मालवीय समाज का मान

भोपाल। राजधानी के शाहपुरा निवासी राजकुमार मालवीय व शकुंतला मालवीय की पुत्री निशा मालवीय को सीए फाइनल परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ नंबर लगाने पर मालवीय समाज की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरुण मालवीय व नेहा मालवीय ने कहना कि निशा की सफलता ने विशेष रूप से मालवीय समाज का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। इस मौके पर जितेंद्र मालवीय, रोहित बुंदेला अन्य समाज के लोगों ने शुभकामनाएं और बधाइयां दी।

### मुस्कान बनीं सीए बधाइयों का तांता



भोपाल। राजधानी के अयोध्या बायपास निवासी देवेंद्र सक्सेना एवं सारिका सक्सेना की बेटी मुस्कान ने भी अच्छे अंकों से सीए की परीक्षा पास कर ली है। मुस्कान के सीए बनने पर देवेंद्र सक्सेना के परिवार में हर्ष का माहौल है। वहीं मुस्कान को सोशल मीडिया के माध्यम से और घर जाकर उनके शुभ चिंतकों का बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है।

### जनजातीय संग्रहालय में संभावना गतिविधि में जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियां

# गुदुमबाजा और अहिराई नृत्य की प्रस्तुति से सजी शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य,गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रविवार को कमलेश नामदेव एवं साथी, नरसिंहपुर द्वारा अहिराई नृत्य एवं लेखपाल धुर्वे एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा गोंड जनजातीय नृत्य गुदुमबाजा की प्रस्तुति दी गई। गतिविधि में कमलेश नामदेव एवं साथी, नरसिंहपुर द्वारा अहिराई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अहिराई नृत्य अहीर समुदाय द्वारा किया जाने वाला पुरुष प्रधान नृत्य है। दीपावली के दूसरे दिन यदुवंशी अहीर समुदाय के लोग अपने घर में गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा करते हैं। इसी दौरान पुरुष अपने अस्त्र-शस्त्र लाठी, फरसे आदि की पूजा करते हैं। नृत्य के दौरान दोहे, कहावतों की लम्बी टेर लगाकर गाते हैं और नर्तक दल पद संचालन के साथ नृत्य की शुरूआत करते हैं।

**अहीर समुदाय का किया जाने वाला पुरुष प्रधान नृत्य है अहिराई**



### गोंड जनजातीय नृत्य गुदुमबाजा की प्रस्तुति

वहीं, लेखपाल धुर्वे एवं साथी, डिंडोर द्वारा गोंड जनजातीय नृत्य गुदुमबाजा की प्रस्तुति दी गई। गोंड जनजाति की उपजाति दुलिया का पारम्परिक नृत्य है। गुदुम, ढफ, मंजीरा, शहनाई, टिमकी आदि वाद्यों के साथ गीतों की धुनों पर वादन एवं नर्तन किया जाता है। विशेषकर विवाह एवं आनुष्ठानिक अवसरों पर इस नृत्य के कलाकारों अनिवार्य रूप से आमंत्रित करते हैं।



# बौद्ध और प्राचीन हिन्दू कला एवं वास्तुकला के विविध पक्षों को करीब से जाना

## भोपाल के पुरातत्त्व प्रेमियों की सांची-उदयगिरि पर हैरीटेज ट्रेल

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पुरातत्व इंडिया कम्युनिटी ने भोपाल क्षेत्र के दो महत्वपूर्ण स्मारकों सांची और उदयगिरि पर हैरीटेज वॉक का आयोजन किया जिसमें पर्यटन, कला, शिक्षा, साहित्य और उद्यम क्षेत्रों से जुड़े 25 प्रतिभागी शामिल हुए। इस हैरीटेज वॉक को पुरातत्वविद शिवाजी राय ने लीड किया, जबकि आर्टिस्ट अंकित बागड़े में सांची के स्मारकों पर लाइव पेंटिंग के माध्यम से कला के पहलुओं को प्रतिभागियों के बीच रखा। सभी प्रतिभागियों ने इतिहास और पुरातत्व के क्षेत्र में इन स्मारकों के महत्व को समझा और पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह बना रहा।



**कला का संगम :** इस ट्रेल में धरोहरों के पुरातात्विक और ऐतिहासिक पहलुओं पर न केवल जानकारी साझा की गई, बल्कि लाइव स्केच के माध्यम से सांची की कला को भी प्रतिभागियो के बीच रखा गया।

**सांची में क्या है ख़ास :** वॉक लीडर शिवाजी ने बताया कि विश्व धरोहर सांची स्मारकों की प्रसिद्धि यहां के महान स्तूप के कारण है, परंतु सांची बौद्ध स्मारक परिसर में ही मंदिर क्रमांक 17 मौजूद है, जो उत्तर भारत मे मंदिर स्थापत्य का प्राचीनतम उदाहरण है।

### उदयगिरि का महत्व

उदयगिरि विदिशा से मात्र 5 किमी दूर एक सुरम्य स्थान है, जो गुप्तकालीन कला और प्रारंभिक मंदिर वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां की गुफाएं चौथी-पांचवी सदी के दौरान खोदी गईं थीं, जिनमें शिव, विष्णु, गणेश, महिषासुर मर्दिनी की मूर्तियां विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। यहां 20 गुफाएं हैं जिनमें से 2 जैन धर्म से संबंधित भी हैं।



**13 तक किए जा सकेंगे आवेदन, अभिलेख, ऑडियो, वीडियो 15 तक पोर्टल पर होंगे अपलोड**

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन, नामांकन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश में केंद्र सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग मंत्रालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला कलेक्टर्स एवं जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आवेदन एवं नामांकन वेब पोर्टल पर 13 जुलाई तक किए जा सकेंगे। प्रदेश में जिन शिक्षकों द्वारा 13 जुलाई तक नामांकन कर दिया जाएगा उनके अभिलेख, ऑडियो, वीडियो 15 जुलाई तक पोर्टल पर अपलोड किए जा सकेंगे। नामांकन की प्रथम स्तर पर स्क्रूटनी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। समिति में राज्य शासन का प्रतिनिधित्व जिले के डाइट प्राचार्य और कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सदस्य के रूप में करेंगे। पुरस्कार एवं सम्मान के लिए राज्य स्तर पर भी समिति होगी। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग अध्यक्ष होंगे। समिति के अन्य सदस्यों में केन्द्र सरकार के नामांकित प्रतिनिधि, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के साथ आयुक्त लोक शिक्षण सदस्य सचिव के रूप में शामिल होंगे। राज्य चयन समिति द्वारा विशेष श्रेणी सहित अधिकतम 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर अग्रेषित की जा सकेंगी।

### डीईओ को निर्देश जारी किए

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार की ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए समय सारणी निर्धारित की गई है। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा राज्य चयन समिति के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर 3 अनुशंसाओं को 16 जुलाई से 25 जुलाई तक भेजा जा सकेगा। राज्य चयन समिति द्वारा नेशनल ज्यूरी को शॉर्ट-लिस्टेड 6 अनुशंसाएं केन्द्र सरकार को ऑनलाइन 26 जुलाई से 4 अगस्त तक भेजी जा सकेंगी। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के बेव पोर्टल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

*अरेरा कॉलोनी की हरियाली हमारे पूर्वजों की देन है, इसे सहेजकर रखना हमारी जिम्मेदारी: सिंहदेव*

# संकल्प लें, जब भी मौका मिले पेड़-पौधों का रोपण कर पर्यावरण बचाने में अपना योगदान दें: सांसद आलोक

**पूर्वजों की स्मृति में अरेरा कॉलोनी में रोपे 101 पौधे**



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

पूर्वजों की स्मृति में कॉलोनीवासियों ने माता-पिता के नाम पर रविवार को 101 पौधों का रोपण किया। कॉलोनी में आज पूर्व मुख्य सचिव स्व. एमएस सिंहदेव सरगुजा महाराज, डॉ. एनपी मिश्र, डॉ. भारत भूषण, समाजसेवी उत्तमचंद ईसरानी, एडवोकेट बंशीलाल ईसरानी, डॉ. संतोख सिंह-डॉ. गुरुदीप सिंह की स्मृति में उनके परिजनों ने पौधरोपण किया।

पर्यावरण बचाना जीवन का उद्देश्य होना चाहिए, संकल्प लें कि जब भी मौका मिले पेड़-पौधों का रोपण कर पर्यावरण बचाने में अपना योगदान दें, हमारे प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने का आव्हान भीदेशवासियों से किया है। यह बात चंदन के एक पौधे का रोपण करते हुए भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कही। उन्होंने भोपाल शहर के विकास के लिए एवं तालाबों को बचाने और यातायात व्यवस्था को ठीक करने के लिए ई-1, अरेरा कॉलोनी और शहरवासियों को आगे आकर सुझाव देने और सहयोग करने की अपील भी की।

इस अवसर पर सांसद आलोक शर्मा का सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस केके सिंह, डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, डॉ. गुरुदत्त तिवारी, अशोक पलोड़, सुबोध माहेश्वरी, बलविंदर सिंह, संदीप कोचर, राकेश चौपड़ा, अमित अग्रवाल, संजय गुप्ता डॉ रणधीर सिंह, आदित्य मलहोत्रा, बिंदु राय, प्रताप वर्मा, पूर्व जज एमएस सिन्हों, जज जीसी केवलरामानी आदि ने अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधरोपण किया।

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाकर दी श्रद्धांजलि**


## मां के सम्मान में एक पेड़ जरूर लगाएं: डॉ. मालवीय

भोपाल। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती (बलिदान दिवस) के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 46, बूथ क्रमांक 164 स्थित दुर्गानगर में एक प्रेरणादायक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ, मध्यप्रदेश के प्रदेश कार्यालय प्रभारी डॉ. राजकुमार मालवीय की प्रमुख सहभागिता में आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षक सुरेश की प्रेरणा से कुल 7 पौधों का रोपण किया गया। जिसमें 3 आंवले, एक-एक जास्मीन, आम, बरगद, जामुन के पौधे रोपित किए गए। डॉ. मालवीय ने आह्वान किया कि मां के सम्मान में एक पेड़ जरूर लगाएं, पर्यावरण संरक्षण को समर्पित जीवन का संकल्प लें। इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने वालों में जितेंद्र नितनवरे, अजय, महेंद्र, महेश, सुरेश, विजय, योगेश, पारस, विकास, आशीष, सौरभ, हिमांशु, शिवा, संजय और प्रियांशु शामिल थे। कार्यक्रम में मां हिंगलाज सेवा संस्थान एवं कर्मयोगी संस्था ने प्रायोजक व सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# तुलसी साहित्य अकादमी की ऑनलाइन पावस काव्य गोष्ठी

भोपाल। तुलसी साहित्य अकादमी भोपाल की ऑनलाइन पावस काव्य गोष्ठी तुलसी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.मोहन तिवारी आनंद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केवल कृष्ण पाठक बिलासपुर छत्तीसगढ़, सारस्वत अतिथि डॉ. आरपी तिवारी राजेंद्र टीकमगढ़, विशेष अतिथि पूरनचंद गुप्ता पूरन टीकमगढ़ रहे। संचालन डॉ. अशोक तिवारी अमन, अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी जिला शाखा भोपाल ने किया। जिसमें 27 कवियों ने काव्य पाठ किया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930